रजिस्ट्री सं० डी-111 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 3] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 20, 1973 (पौष 30, 1894)
No. 3] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 20, 1973 (PAUSA 30, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 15 फरवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 15th February 1972 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4

—शून्य—
—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	43
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	67
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	35
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित ह)	55
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	161
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	—
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	75
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	19
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	5
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं	317
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	11
पूरक संख्या 3—	
13 जनवरी, 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	103
23 दिसम्बर 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े	113

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	43
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	67
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	35
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	55
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	161
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	—
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	75
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	19
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	5
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	317
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	11
SUPPLEMENT NO. 3	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 13th January, 1973	103
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 23rd December, 1972	113

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

मन्त्रिमंडल सचिवालय
(कार्मिक विभाग)]
नियम

नई दिल्ली, दिनांक 20 जनवरी 1973

सं० 10 (1)/73 सी० एस०-II—(मन्त्रिमण्डल सचिवालय में कार्मिक विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान) द्वारा 1973 में निम्नलिखित सेवाओं पदों में अस्थायी रिक्तियों में नियुक्ति के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(1) भारतीय विदेश सेवा (ख)—ग्रेड 6
(2) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा—ग्रेड 2
(3) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा—अवर श्रेणी ग्रेड
(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा—अवर श्रेणी ग्रेड
(5) संसदीय कार्य विभाग, नई दिल्ली में अवर श्रेणी लिपिक के पद
(6) विशेष महानिरीक्षक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, दिल्ली के कार्यालय में अवर श्रेणी लिपिक के पद
(7) उपर्युक्त सेवाओं के अन्तर्गत न आने वाले भारत सरकार के अन्य विभागों तथा सम्बद्ध कार्यालयों में निम्न श्रेणी लिपिक के पद।

कोई उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी भी एक या एक से अधिक सेवाओं/पदों के लिए आवेदन कर सकता है। यदि वह चाहे तो उसे केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की आरक्षित सूची में शामिल करने के लिए भी विचार किया जा सकता है। वह जितनी भी सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहे उन सबका उल्लेख आवेदन-पत्र में करे।

नोट :—उम्मीदवारों को चाहिए कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहते हैं, उनकी प्राथमिकता क्रम स्पष्टतः लिखें। उम्मीदवार द्वारा प्रारम्भ में अपने आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं/पदों के प्राथमिकता क्रम में अपने आवेदन-पत्र में परिवर्तन करने की किसी भी ऐसी प्रार्थना पर, जो सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान के कार्यालय में परीक्षा की तिथि से तीन मास के अंदर न मिल जाए, विचार नहीं किया जाएगा।

2. परीक्षा के परिणाम पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या संस्थान द्वारा जारी की गई सूचना में निर्दिष्ट की जाएगी। भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिक तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित आदिम जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण किया जाएगा।

भूतपूर्व सैनिक का अर्थ उस व्यक्ति से है जो संघ की शस्त्र सेना में किसी भी पद पर (चाहे लड़ाकू के रूप में रहा हो अथवा नहीं) निरन्तर 6 मास की अवधि तक रहा हो और दुराचार या अदक्षता के कारण पदच्युत सेवा मुक्त किए जाने को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से नौकरी से मुक्त कर दिया गया है।

स्पष्टीकरण—इन नियमों के लिए "संघ की सशस्त्र सेना" में भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेनाएं शामिल होंगी परन्तु निम्न सेनाओं के सदस्य शामिल नहीं हैं :—अर्थात्

(क) आसाम राइफल्स;
(ख) लोक सहायक सेना; तथा
(ग) जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स।

अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अर्थ उस किसी भी जाति/आदिम जाति से है जिसका अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति आदेश संशोधन सूचियां अधिनियम, 1956 बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 तथा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जाति/आदिम जाति (तरमीम) आदेश, 1956, संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश 1956 संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, डमन व दीव) आदिम जाति आदेश, 1968 तथ संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 में उल्लेख है।

3. सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट 1 में निहित विधि से किया जाएगा।

परीक्षा की तारीखें और स्थान संस्थान द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

4. यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 2 जनवरी 1962 से पहले भारत में आ गया हो, या

(च) ऐसा मूल भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में अस्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बंगला देश, बर्मा, श्रीलंका, तथा पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, उगाण्डा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका व जंजीबार) से प्रव्रजित हुआ हो।

परन्तु ऊपर की श्रेणी (ग), (घ), (ङ) और (च) से संबंधित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

परन्तु निम्नलिखित में से किसी भी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के मामलों में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक नहीं होगा :—

(1) वे व्यक्ति जो 19 जुलाई, 1948 से पहले पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित हुए और तभी से आमतौर पर भारत में ही रह रहे हैं।

(2) वे व्यक्ति जो 19 जुलाई, 1948 को या इसके बाद पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित हुए और भारत के संविधान के अनुच्छेद 6 के अधीन अपने को भारत के नागरिक पंजीकृत करा चुके हैं।

(3) ऊपर की श्रेणी (घ) के वे गैर-नागरिक जो संविधान लागू होने की तारीख अर्थात् 26 जनवरी, 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आ गए और तभी से लगातार उस सेवा जो व्यक्ति सेवा भंग करके जनवरी, 1950 के बाद उसी सेवा में फिर आया हो अथवा फिर आए उसे औरों की भांति पात्रता प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक होगा।

इसके अतिरिक्त एक शर्त यह भी है कि उपर्युक्त श्रेणी (ग), (घ) तथा (ङ) के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड-6 में नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक है यदि सरकार आवश्यक प्रमाण-पत्र दे दे जो उसे परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है तथा अंतिम रूप से उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है।

5. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित न हो, या संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी न हो या संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन तथा दीव का निवासी न हो, या केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तंजानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन करने न आया हो वह प्रतियोगिता में दो से अधिक बार नहीं बैठ सकता; किन्तु यह प्रतिबन्ध सन् 1961 में हुई परीक्षा से लागू होगा।

टिप्पणी 1 : यदि परीक्षा के परिणाम के प्रकाशित होने से पहले अथवा बाद में किसी भी समय यह पाया गया कि उम्मीदवार परीक्षा में दो बार पहले ही बैठ चुका था और इस परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं था जो उसका परिणाम यथास्थिति रोक लिया जाएगा अथवा रद्द कर दिया जाएगा और नियम 15 के अनुसार आगे कारवाई की जाएगी।

टिप्पणी 2 : यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता करे तो इस नियम के प्रयोजन के लिए उस उम्मीदवार को परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिए एक बार प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा माना जाएगा।

टिप्पणी 3 : किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हुआ तब माना जाएगा जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा में बैठा हो।

6. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार की आयु पूरे 18 वर्ष की हो गई हो और 1 जनवरी 1973 को पूरे 25 साल की न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1948 से पहले और 1 जनवरी, 1955 के बाद न हुआ हो।

(ख) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामले में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो, उनकी सशस्त्र सेना में कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

परन्तु इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए ही प्रतियोगी होने के हकदार होंगे।

नोट :—उपरोक्त नियम 6 (ख) के प्रयोजन के लिए किसी भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में अहवान पर सेवा की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

(ग) उक्त ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और अधिक छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) यदि उम्मीदवार बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद किन्तु 25 मार्च 1971 से पूर्व प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद किन्तु 25 मार्च, 1971 से पूर्व प्रव्रजन कर भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(4) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो और किसी स्तर पर उसकी शिक्षा फ्रेंच भाषा के माध्यम से हुई हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(5) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-लंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम् 3 वर्ष तक,

(6) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-लंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके पश्चात् श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम् 8 वर्ष तक,

(7) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दीव का निवासी हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(8) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगनिका और जंजीबार) से प्रव्रजित हो तो अधिकतम् 3 वर्ष तक,

(9) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत से प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(10) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारत मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम् 8 वर्ष तक,

(11) किसी दूसरे देश के झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिक के मामले में अधिकतम् 3 वर्ष तक,

(12) किसी दूसरे देश से झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा कार्मिकों के मामलों में जो अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों से संबंधित हो, अधिकतम् 8 वर्ष तक।

(घ) उक्त ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष आयु तक की छूट दी जाएगी जो भारत सरकार के विभिन्न विभागों तथा निर्वाचन आयोग के कार्यालय में लिपिकों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और 1 जनवरी 1973 को जिन्होंने लिपिकों के रूप में कम से कम 3 वर्ष तक की निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते जा रहे हैं।

परन्तु यह भी शर्त है कि उक्त आयु की छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो मंत्रालयों/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में (1) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, (2) भारतीय विदेश सेवा (ख), (3) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा और (4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में लिपिकों के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा उन व्यक्तियों को जो भूतपूर्व सैनिक हैं और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए परीक्षा में भी-प्रतियोगिता कर रहे हैं।

(ङ) उक्त ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष की आयु तक की छूट दी जाएगी जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक के पदों पर नियुक्त हैं और 1 जनवरी 1973 को जिन्होंने हिन्दी लिपिकों/हिन्दी टंककों के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते जा रहे हैं।

परन्तु शर्त यह है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक केवल केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता के पात्र होंगे।

(च) ऊपरी आयु सीमा में उन सैनिकों लिपिकों के मामले में 45 वर्ष की आयु तक की छूट दी जायगी जिन्होंने गत वर्ष में सशस्त्र सेना में अपनी हाजिर सेवा की है, अर्थात् उन सबों को जो सेना से 2 जनवरी, 1973 से 1 जनवरी 1974 की अवधि में निवृत्त होने वाले हैं।

परन्तु शर्त है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट उम्मीदवार केवल सशस्त्र सेना मुख्यालयों तथा अन्तरसेवा संगठनों में रिक्त स्थानों के लिए ही, जो भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित नहीं हैं, प्रतियोगिता के पात्र होंगे।

(छ) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में 1 जनवरी 1972 को नियुक्त और निरन्तर कार्य कर रहे टेलीफोन आपरेटरों के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है।

टिप्पणी 1 : डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल-डाक छंटाईकारों की सेवा उपर्युक्त नियम 6 (घ) के प्रयोजन के लिए लिपिक के ग्रेड में की गई सेवा मानी जाएगी।

टिप्पणी 2 : यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 6 (घ) और नियम 6 (ङ) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने दिया गया हो और यदि आवेदन पत्र देने के बाद परीक्षा में बैठने से पहले या बाद में, नौकरी से त्यागपत्र देना या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाए तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है लेकिन यदि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छंटनी हो जाए तो वह पात्र बना रहेगा।

टिप्पणी 3 : किसी लिपिक की जो सक्षाम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद (एक्स-केडर पोस्ट) पर प्रतिनियुक्ति हो, अन्य सब प्रकार से पात्र होने पर परीक्षा में बैठने दिया जायगा।

टिप्पणी 4 : जहां तक उपर्युक्त (छ) श्रेणी के कर्मचारियों का संबंध है, उनके लिए परीक्षा में उत्तीर्ण होना है, प्रतियोगिता में आना नहीं।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा ऊपर विहित आयु सीमाओं में किसी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी।

7. यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक पास की हो या उनके पास निम्नलिखित में से एक प्रमाण पत्र हो :—

(1) भारत के केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मण्डल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा;

(2) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अन्त में शालान्त (स्कूल लीविंग) माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण पत्र के दिए जाने के लिए, जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण-पत्र के समकक्ष मानती हो, ली गई कोई परीक्षा,

(3) केम्ब्रिज स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा (सीनियर कैम्ब्रिज),

(4) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा,

(5) दिल्ली पौलीटेकनिक के तकनीकी हायर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र,

(6) भारत में किसी मान्यता प्राप्त हायर सेकेंडरी स्कूल/मल्टीपरपज स्कूल द्वारा हायर सेकण्डरी पाठ्यक्रम/मल्टीपरपज पाठ्यक्रम (जो किसी छात्र को डिग्री के कोर्स के लिए पात्र बनाता है (के उपान्तिम वर्ष में ली गई परीक्षा) में उत्तीर्ण,

(7) किसी मान्यता प्राप्त हायर सेकंडरी स्कूल या इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार कराने वाली किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र,

(8) अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पाठ्यक्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र;

(9) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए,

(10) बंगाल (साइंस) स्कूल सर्टिफिकेट;

(11) नेशनल काउंसिल आफ एजूकेशन (राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्) आदबपुर, पश्चिमी बंगाल की (शुरू से लेकर फाइनल स्कूल स्टैण्डर्ड परीक्षा);

(12) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद की विनीत परीक्षा,

(13) पांडिचेरी की नीचे लिखित फ्रेंच परीक्षाएं :—

(1) ब्रीवे एलिमेनटेएर,

(2) ब्रीवे दैसंसीमा प्रोमिएयर द लांग इंदियेन

(3) ब्रीवे दे एतयूद टूयू प्रीमिये सिकल

(4) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियेर सुपीरियेर दे लांग इठदियेन और

(5) ब्रीवे दे लांग इंदियेन (वर्नाक्युलर),

(14) गोवा, दमन और दीव की पुर्तगाली परीक्षा लाइसिमूम के पांचवें वर्ष में पास,

(15) इंडियन आर्मी स्पैशल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन,

(16) भारतीय नौसेना का हायर एजूकेशन टैस्ट;

(17) एडवांस क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा;

(18) सीलोन सीनियर स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा,

(19) ईस्ट बंगाल सेकेंडरी एजूकेशन बोर्ड, ढाका द्वारा किया गया प्रमाण पत्र,

(20) बगला देश के कोमिल्ला/राजशाही/खुलना/जैसोर के सैकेंडरी एजुकेशन बोर्ड द्वारा दिए गए सेकेंडरी स्कूल के प्रमाण-पत्र,

(21) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा,

(22) एंग्लोवर्नाक्युलर स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट (बर्मा),

(23) बर्मा हाई स्कूल फाइनल एग्जामिनेशन सार्टिफिकेट;

(24) बर्मा हाई स्कूल फाइनल एग्लोवर्नाक्युलर हाई स्कूल परीक्षा (युद्ध पूर्व);

(25) बर्मा का पोस्ट-वार स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट;

(26) सामान्य स्तर पर श्रीलंका की सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन नामक परीक्षा यदि वह अंग्रेजी तथा गणित और सिंहली या तमिल सहित छः विषयों में पास की गई हो,

(27) सामान्य स्तर पर लंदन के एसोसिएटेड एग्जामिनेशन बोर्डस का जनरल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो,

(28) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर बोर्ड्स सेकेंडरी तकनीकी स्कूल परीक्षा।

(29) वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) या पुरानी खंड मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) तथा उस विद्यालय के विषयों में से एक विषय अंग्रेजी सहित अतिरिक्त विषयों में विशिष्ठ परीक्षा;

(30) गोवा, दमन तथा दीव की स्वतंत्रता से पूर्व पुर्तगाली स्थापना के अन्तर्गत इस्कोला इन्डस्ट्रीयल, कोमर्शियल दी गोवा, पाणजी द्वारा दिया गया । कार्ता दी, फोर्मिक दी सैरदहेरो (सिमिथी पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र) तथा कार्ता दी कुर्सी दी मोन्तादर इलैक्ट्रीसिस्टा (इलैक्ट्रीशियन) पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र;

(31) राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कालेज डिप्लोमा परीक्षा;

(32) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संचालित "मध्यमा" परीक्षा;

(33) कारपोरल के रैंक में पदोन्नति के लिए शिक्षा निदेशालय वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा ली जाने वाली भारतीय वायुसेना शैक्षिक परीक्षा;

(34) दिल्ली विश्वविद्यालय के 1965 में उत्तीर्ण की गई विज्ञान की अर्हक परीक्षा;

टिप्पणी 1 : यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा, जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है, दे चुका हो, लेकिन उसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली हो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है । जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक (क्वालीफाइंग) परीक्षा में बैठना चाहते हों, वे भी आवेदन पत्र दे सकते हैं बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले समाप्त हो जाए ।

ऐसे उम्मीदवारों को यदि वे अन्य शर्तें पूरी करते हों, परीक्षा में बैठने दिया जाएगा किन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अन्तिम होगी और यदि वे उक्त परीक्षा पास करने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के अन्दर-अन्दर प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द कर दी जा सकेगी ।

टिप्पणी 2 : कुछ विशिष्ट मामलों में, किसी ऐसे उम्मीदवार को, जिसके पास उक्त नियमों के अनुसार कोई उपाधि नहीं है, केन्द्रीय सरकार अर्हता-प्राप्त उम्मीदवार मान सकती है बशर्ते कि वह उस स्तर तक अर्हता प्राप्त है जो उस सरकार की राय में परीक्षा में प्रवेश करने के लिए यथोचित है ।

8. (1) जिस व्यक्ति ने

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है, जिसका पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जिसने जीवित पति-पत्नी के होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है तो,

सेवा में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं माना जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट न हो जाए कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह संबंधी अन्य पक्ष के पक्षत्त व्यक्तिक कानून के अनुसार ऐसा विवाह स्वीकृत है तथा ऐसा करने के अन्य कारण हैं और उसको इस नियम से छूट न दे दे ।

(2) जिस व्यक्ति ने विदेशी राष्ट्रिक से विवाह किया है भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड (6) की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

(3) जिस व्यक्ति के तीन से अधिक बच्चे हैं वह भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड-6 की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

9. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी हैसियत से पहले सरकारी सेवा कर रहा हो उसे इस परीक्षा में बैठने से पहले अपने विभाग अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए ।

10. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलता पूर्वक निभाने में बाधक हो । यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के सम्बन्ध में विचार किए जाने की सम्भावना हो ।

टिप्पणी : अशक्त भूतपूर्व रक्षा-कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सम विघटन डाक्टरी बोर्ड (डीमोबीलाइजेशन मैडिकल बोर्ड) द्वारा किया गया स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जाएगा ।

11. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में संस्थान का निर्णय अन्तिम होगा ।

12. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास संस्थान का प्रवेश पत्र (सार्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो ।

13. सशस्त्र सेना से निवृत्त भूतपूर्व सैनिक तथा जिन्हें संस्थान के नोटिस के पैरा 7 (4) के अन्तर्गत शुल्क की छूट दी गई है, को छोड़कर सभी उम्मीदवारों को संस्थान के नोटिस के पैरा 7 में विहित फीस देनी होगी ।

15. यदि कोई उम्मीदवार संस्थान द्वारा इस बात के लिए दोषी घोषित किया जाए या किया गया हो कि उसने दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रलेख अथवा ऐसे प्रलेख प्रस्तुत किए हैं जिन में हेराफेरी की गई है या गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या कोई महत्वपूर्ण बात छिपाई है या परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी और अनियमित या अनुपयुक्त तरीके से काम

लिया है अथवा परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों का प्रयोग किया है या प्रयोग करने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में या इसके अहाते में कोई दुर्व्यवहार किया है या संस्थान द्वारा अथवा सुपरवाइजर/पर्यवेक्षक द्वारा जारी किए गए आदेशों का पालन न करता हो तो अपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोजीक्यूशन) चलाए जाने के अतिरिक्त उसे :

(क) स्थायी रूप से अथवा किसी निश्चित अवधि के लिए

(1) संस्थान उम्मीदवारों से चुनाव के लिए अपने द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा या इंटरव्यू में शामिल होने से रोक सकती है और

(2) केन्द्रीय सरकार अपने अधीन नियुक्त किए जाने से वंचित कर सकता है ।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी सेवा में हुआ तो उसके खिलाफ उपयुक्त नियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है ।

16. (1) परीक्षा के पश्चात् अन्तिम रूप से प्रत्येक उम्मीदवार को दिए गए कुल अंकों के आधार पर संस्थान उम्मीदवार की गुणानुक्रम में सूची बनाएगा और उसी क्रम से परीक्षा परिणामों के आधार पर भरे जाने के लिए निश्चित अनारक्षित रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार जितने उम्मीदवारों को परीक्षा के द्वारा अर्हता-प्राप्त देखेगा, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश करेगा ।

लेकिन यह भी शर्त है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या न भरी गई तो सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा निर्धारित सामान्य मान के अनुसार उसे उस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित कर देने पर उस सेवा/पद में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों पर नियुक्ति की जाने के लिए परीक्षा में उसके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान दिए बिना ही उसकी सिफारिश कर दी जाएगी ।

आगे यह भी शर्त है कि भूतपूर्व सैनिकों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या न भरी गई तो उन अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के भतपूर्व सैनिकों को जिन्हें सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान की शर्तों के अनुसार नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया गया तो उस सेवा/पद पर नियुक्ति की जाने के लिए परीक्षा में उसके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान दिए बिनाही उसकी सिफारिश कर दी जाएगी ।

(2) जिन उम्मीदवारों को उपर्युक्त नियम 6, उपनियम (6) में उल्लिखित आयु-सीमा में रियायत दी गई है उन उत्तीर्ण व्यक्तियों के लिए सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड में प्रतिष्ठा के लिए परीक्षा परिणाम घोषित होने पर एक अलग सूची तैयार करेगा ।

17. परीक्षा-परिणाम के आधार पर नियुक्ति करते समय आवेदन-पत्र भरते समय विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए बताई गई प्राथमिकताओं का (आवेदन पत्र के कालम 12 का) समुचित ध्यान रखा जाएगा ।

18. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय संस्थान अपने विवेकानुसार करेगा और संस्थान परिणामों के संबंध में उनसे कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा ।

19. आवश्यक जांच के बाद जब तक सरकार संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता ।

20. इस परिणाम के आधार पर की जाने वाली सभी नियुक्तियों के साथ एक शर्त यह होगी कि यदि उम्मीदवार ने संघ लोक सेवा आयोग या सचिवालय प्रशिक्षणशाला या सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा आयोजित अंग्रेजी या हिन्दी की अधिक टंकण परीक्षाओं में से कोई पहले ही पास न की हुई हो तो वह नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के अन्दर 30 शब्द अथवा हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा ली गई परीक्षा पास करेगा, ऐसा न करने पर जब तक वह परीक्षा पास नहीं कर लेता तब तक उसे वार्षिक वेतन वृद्धि (वृद्धियां) नहीं दी जाएंगी । यदि कोई उम्मीदवार परिवीक्षा की अवधि के अन्दर उक्त परीक्षा पास नहीं कर लेता तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी ।

टिप्पणी 1 : परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्त उम्मीदवार को जिसने उपर्युक्त निर्धारित आधार पर टंकण परीक्षा पहले ही पास कर ली हो, अथवा इसे नियुक्ति की तारीख से 6 महीने के अन्दर पास कर लेता है तो उसे पहले वेतन वृद्धि एक वर्ष के बजाय छः महीने के पश्चात् दी जाएगी, परन्तु इसे बाद में नियमित वेतन-वृद्धियों में समाविष्ट कर लिया जाएगा ।

टिप्पणी 2 : उपर्युक्त टिप्पणी 1 में उल्लिखित रियायतों के अतिरिक्त दो अग्रिम वेतन वृद्धियां ऐसे व्यक्तियों को दी जाएंगी (जो अग्रिम वेतन वृद्धियों में समायोजित कर दी जाएंगी) जो अपनी नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के अन्दर अंग्रेजी में प्रति मिनट 40 शब्द और हिन्दी में प्रति मिनट 35 शब्द की गति से टंकण परीक्षा पास करेंगे। ।

21. उन सेवाओं/पदों से संबंधित सेवा की शर्तें, जिनके लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है, संक्षेप में परिशिष्ट 2 में दी गई है ।

एम० के० वासुदेवन, अवर सचिव ।

परिशिष्ट I

(1) परीक्षा के विषय, परीक्षा के लिए दिया गया समय और प्रत्येक विषय के पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

पत्र संख्या	विषय	पूर्णांक		दिया गया समय
1.	सामान्य अंग्रेजी तथा लघु निबंध			
	(क) लघु निबंध	100	200	3 घंटे
	(ख) सामान्य अंग्रेजी	100		
2.	सामान्य ज्ञान (भारतीय भूगोल सहित)	100		2 घंटे

(2) परीक्षा का पाठ्यक्रम इस परिशिष्ट की अनुसूची में दिए अनुसार होगा।

(3) उम्मीदवारों को छूट होगी कि वे प्रश्नपत्र 1 की मद (क) तथा प्रश्न पत्र 2 या दोनों के उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी (देवनागरी लिपि में) किसी में करें।

प्रश्न पत्र की मद (ख) के उत्तर अंग्रेजी में सही लिखे जाने चाहिए।

टिप्पणी 1. प्रश्न पत्र 2 में छूट पूरे प्रश्न पत्र के लिए होगी, इसी प्रश्न पत्र के अलग-अलग प्रश्नों के लिए नहीं।

टिप्पणी 2—पूर्वोक्त प्रश्न पत्रों का उत्तर हिन्दी (देवनागरी लिपि में) देने के इच्छुक उम्मीदवारों को अपना इरादा आवेदन पत्र के कालम 7 में स्पष्टत: लिख देना चाहिए अन्यथा यह समझा जाएगा कि वे प्रश्नपत्रों का उत्तर अंग्रेजी में देंगे।

टिप्पणी 3—एक बार प्रयोग किया गया विकल्प अन्तिम होगा और इसके परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध साधारणत: स्वीकार नहीं होगा।

टिप्पणी 4—उम्मीदवार द्वारा चुनी गई भाषा के सिवा किसी अन्य भाषा में उत्तर देने पर कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

(4) उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(5) संस्थान अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों में अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित कर सकते हैं।

(6) केवल सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

(7) अस्पष्ट लिखावट के कारण पूर्णांकों के 5 प्रतिशत तक काट लिए जाएंगे।

(8) परीक्षा के सभी विषयों में आवश्यकतानुसार कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक ठीक की गई अभिव्यक्ति को श्रेय दिया जाएगा।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्यक्रम

सामान्य अंग्रेजी तथा लघु निबंध

(क) लघु निबंध उल्लिखित कई विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखना होगा।

(ख) सामान्य अंग्रेजी निम्नलिखित में उम्मीदवारों की परीक्षा ली जायेगी।

(1) मसौदा लेखन

(2) सार लेखन

(3) अनुपयुक्त व्याकरण तथा

(4) प्रारम्भिक सारणीकरण (आंकड़ों को संकलित करने तथा सारणी में उन्हें व्यवस्थित और प्रस्तुत करने की कला में उम्मीदवारों की सामर्थ्य जानने के लिए।

भारतीय भूगोल समेत सामान्य ज्ञान

सामयिक घटनाओं और प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने वाले ऐसे विषयों की जानकारी तथा उनके वैज्ञानिक पक्षों का अनुभव—जिनकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से जिसने कि किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो आशा की जा सकती है। इस पत्र में भारत के भूगोल से संबंधित प्रश्न भी सम्मिलित होंगे।

परिशिष्ट II

उन सेवाओं/पदों से संबंधित संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है।

(क) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा

केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के निम्नलिखित दो ग्रेड हैं

(1) उच्च श्रेणी ग्रेड 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280।

(2) निम्न श्रेणी ग्रेड 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180।

2. निम्न श्रेणी ग्रेडमें नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि के दौरान वे सरकार द्वारा यथानिर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और विभागीय परीक्षाएं देंगे। प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति न दिखाने पर परीक्षा पास न कर सकने पर परिवीक्षाधीन व्यक्ति नौकरी से हटाया जा सकता है।

3. परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार परिवीक्षाधीन लिपिक की पुष्टि कर सकती है या यदि उसका कार्य या आचरण सरकार की राय में असन्तोषजनक रहा हो, तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परिवीक्षा की अवधि, जितनी बढ़ाना उचित समझे, बढ़ा सकती है।

4. निम्न श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्तियों को केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा योजना में भाग लेने वाले मंत्रालयों या कार्यालयों में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जायेगा। उनकी किसी भी समय किसी भी ऐसी अन्य मंत्रालय या कार्यालय में बदली हो सकती है जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा योजना में भाग ले रहे हों।

5. निम्न श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार उच्च श्रेणी ग्रेड में पदोन्नत किए जाने के पात्र होंगे। स्थायी या नियमित रूप से नियुक्त किए गए अस्थायी निम्न श्रेणी लिपिक, जो सरकार द्वारा इस सम्बंध में यथानिर्दिष्ट निर्णायक तारीख को 5 वर्ष की अनुमोदित या निरंतर सेवा अवधि पूरी कर चुकेंगे, वे उच्च श्रेणी लिपिक की सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

6. अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में सरकार द्वारा निर्धारित निर्णायक तारीख को कम से कम तीन वर्ष अनुमोदित तथा निरन्तर सेवा करने के बाद ग्रेड 3 के आशुलिपिकों की परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। इस परीक्षा के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्णायक तारीख को 35 वर्ष होनी चाहिए।

7. जिन लोगों की नियुक्ति केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के निम्न श्रेणी ग्रेड में उनकी अपनी इच्छा के अनुसार की जायेगी, वे उस नियुक्ति के पश्चात् भारतीय विदेश सेवा (ख) के काडर में अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा योजना में शामिल किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्ति का दावा नहीं कर सकेंगे।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा

रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा रेल मंत्रालय में नियुक्त अवर श्रेणी लिपिकों की सेवा की शर्तें जैसे नियुक्ति, प्रशिक्षण, पदोन्नति आदि, रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा नियम 1970 जो समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम 1962 के आधार पर बनी हैं, संचालित होती हैं।

2. रेलवे बोर्ड लिपिक सेवा की निम्नलिखित दो श्रेणियां हैं :—(1) उच्च श्रेणी लिपिक—रु० 130-5-160-8-200-द०अ०-8-256-द० अ०-8-280, (2) अवर श्रेणी लिपिक—रु० 110-3-131-4-155-द० अ०-4-175-5-180।

3. सीधी भर्ती केवल अवर श्रेणी लिपिकों के ग्रेड में ही की जाती है। अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती व्यक्ति दो साल परिवीक्षाधीन रहेंगे और इस अवधि में उन्हें वैसे प्रशिक्षण प्राप्त करने होंगे और वैसी विभागीय परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना होगा जो सरकार द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति न दिखलाने पर अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर उन्हें सेवा से हटाया जा सकता है।

4. उच्च श्रेणी लिपिकों के पद निम्नलिखित कर्मचारियों में से बराबर संख्या में पदोन्नति/नियुक्ति द्वारा भरे जाएंगे—

(क) वरीयता के अनुसार अवर श्रेणी ग्रेड के स्थायी कर्मचारी जिनकी मान्य सेवा आठ साल से कम की न हो, बशर्ते कि अयोग्यों को अस्वीकृत कर दिया गया हो,

(ख) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा जो समय-समय पर इसी उद्देश्य से ली जाती है, के परिणाम के आधार पर चुने गए वरीयता के अनुसार अवर श्रेणी ग्रेड के लिपिक।

जब तक कि (ख) में उल्लिखित प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं किया जाता है, उच्च श्रेणी लिपिक ग्रेड की सभी रिक्तियां उपर्युक्त (क) के आधार पर भरी जाएंगी।

5. रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड अथवा उच्च श्रेणी लिपिक ग्रेड के सदस्य, जिनकी मान्य सेवा की अवधि सरकार द्वारा घोषित निश्चित तिथि पर तीन साल से कम न हो और निरंतर रहा हो वे आशुलिपिक ग्रेड 3 सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। इस परीक्षा में बैठने की निश्चित तिथि पर उच्च आयु सीमा 35 वर्ष है।

6. रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा रेल मंत्रालय तक सीमित है और कर्मचारी केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की भांति अन्य मंत्रालयों में स्थानांतरित नहीं हो सकते हैं।

7. रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के सदस्य जो इन नियमों के अंतर्गत भर्ती किए गए हैं—(1) पेंशन के लाभों के हकदार हैं और (2) गैर अंशदायी राज्य रेलवे भविष्य निधि जो उस तारीख को इस सेवा में नियुक्त रेलवे कर्मचारियों के लिए लागू हैं, में अंशदान करेंगे।

8. रेल मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारी अन्य रेलवे कर्मचारियों की भांति ही बराबर मात्रा में प्रिविलेज पास और प्रिविलेज टिकिट आर्डर के हकदार होंगे।

9. जहां तक छुट्टी तथा सेवा की अन्य शर्तों का सम्बन्ध है, रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा में शामिल कर्मचारियों को उसी प्रकार की सुविधाएं हैं, जैसी कि अन्य रेल कर्मचारियों को, किन्तु चिकित्सा सुविधाएं उन्हें दूसरे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी, जिनका मुख्यालय नई दिल्ली है, के समान है।

(ग)—भारतीय विदेश सेवा (ख)—ग्रेड-6

2. वेतन मान 110-3-131-4-155-द०रो०-4-175-5-180।

भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड-6 में नियुक्त अधिकारी, विदेशों में नियुक्त किए जाने पर, उन भत्तों और मुफ्त रिहायश के पात्र होंगे, जो समय-समय पर भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों के लिए स्वीकार्य होते हैं।

3. इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर भारतीय विदेश सेवा (ख) में नियुक्त उम्मीदवारों को, मुख्यालय में अथवा भारत या विदेश में कहीं भी जहां वे नियंत्रक प्राधिकरण द्वारा नियुक्त किए जाएं, सेवा करनी होगी।

4. इस सेवा में नियुक्त, पुष्टीकरण तथा वरिष्ठता की शर्तें भारतीय सेवा (ख) (भर्ती, संवर्गावरिष्ठता तथा पदोन्नति नियम 1964 तथा बाद में सरकार द्वारा बनाए गए किन्हीं अन्य नियमों के संगत उपबंधों या जरूरी किए गए आदेशों द्वारा शामिल होंगे।

(घ)—सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा

सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में निम्नलिखित ग्रेड हैं—

उच्च श्रेणी ग्रेड—130-5-160-द०रो०-8-200-द०रो०-8-256-8-280।

निम्न श्रेणी ग्रेड—110-3-131-4-155-द०रो०-4-175-5-180।

उच्च श्रेणी लिपिक ग्रेड में पद निम्न श्रेणी लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा भरे जाते हैं। सीधी भर्ती केवल निम्न श्रेणी ग्रेड में ही की जाती है।

2. निम्न श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। यह अवधि सक्षम अधिकारी के विवेक पर बढ़ाई या घटाई जा सकती है। इस अवधि में असंतोषजनक सेवा रिकार्ड का परिणाम परिवीक्षाधीन को सेवा से मुक्त कर सकता है। परिवीक्षा की अवधि में उन्हें समय-समय पर यथाविहित प्रशिक्षण लेना पड़ सकता है तथा परीक्षा भी पास करनी पड़ सकती है।

3. निम्न श्रेणी लिपिक समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार पुष्टीकरण तथा पदोन्नति के पात्र होंगे।

4. सशस्त्र सेवा मुख्यालय में भर्ती किए गए निम्न श्रेणी लिपिक आमतौर पर दिल्ली/नई दिल्ली स्थित सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्य सेवा संगठनों के किसी कार्यालय में नियुक्त किए जाएंगे। किन्तु लोक हित में भारत में कहीं भी उनकी बदली की जा सकती है।

5. छुट्टी, चिकित्सा-सहायता तथा सेवा की अन्य शर्तें वही हैं जो सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्तसेवा संगठनों में नियुक्त अन्य लिपिक वर्गीय कर्मचारियों पर लागू होती हैं।

(ङ) संसदीय मामलों का विभाग

इस विभाग में निम्न श्रेणी लिपिकों के पदों का वेतन मान 110–3–131–4–155–द०रो०–4–175–5–180 रुपए है।

प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चुनाव करके सेवा में नियुक्त उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रखा जाएगा।

विदेश व्यापार मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक दिसम्बर 1972

सं० 21(15)/72–टी०ए०ई०पी०—भारत सरकार ने इलैक्ट्रानिक उपस्करों तथा संघटकों के निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से सान्ताक्रुज, बम्बई में इन मदों के लिए एक एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन स्थापित करने का विनिश्चय किया है। इस परियोजना की मुख्य बातें ये होंगी :—

(1) यह पूर्णतः निर्यात अभिमुख होगी। इस क्षेत्र में प्रवेश पाने वाले एककों को अपने उत्पादन का 100 प्रतिशत निर्यात करना होगा।

(2) जोन में स्थापित एककों को कच्चे माल, संघटकों, पूंजीगत उपस्करों आदि के आयात के मामले में कतिपय सुविधाएं और रियायतें देने की प्रस्थापना है।

2. यह जोन विदेश व्यापार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होगा। जोन का प्रशासन इस प्रयोजन के लिए स्थापित किए जाने वाले एक बोर्ड द्वारा चलाया जाएगा, और इसकी प्रगति का पुनरीक्षण समय-समय पर सान्ताक्रुज एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन अथारिटी के शासी निकाय द्वारा किया जाएगा। बोर्ड और अथारिटी के शासी निकाय का गठन समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

3. सरकार ने इस जोन के लिए एक विकास आयुक्त नियुक्त करने का भी विनिश्चय किया है जोकि इसके दिन प्रतिदिन के प्रशासन कार्य का प्रभारी होगा। जब तक विकास आयुक्त की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक के लिए विकास आयुक्त के कार्यों के निष्पादन के लिए ट्रेड डिवेलपमेंट अथारिटी से अनुरोध किया जा सकता है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और सभी सबन्धों को परिचालित किया जाए।

ए० एस० गिल, संयुक्त सचिव

इस्पात तथा खान मंत्रालय

(खान विभाग)

नियमावली

नई दिल्ली, दिनांक 20 जनवरी 1973

सं० ए०-12025/6/72-खान 2—भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण संस्था के निम्नलिखित पदों की अस्थायी रिक्तियों पर भर्ती करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1973 में होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नियमावली आम सूचना के लिए प्रकाशित की जा रही हैं :—

(i) भू-विज्ञानी (कनिष्ठ) श्रेणी-I और

(ii) सहायक भू-विज्ञानी श्रेणी-II

शुरू में परीक्षा के परिणाम पर नियुक्ति अस्थायी आधार पर की जाएगी। जब और जैसे स्थायी रिक्तियां उपलब्ध होगी उम्मीदवार अपनी बारी से स्थायी नियुक्ति पाने के हकदार हो जाएंगे।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा इस नियमावली के परिशिष्ट-I में निर्धारित ढंग से ली जाएगी। जिन तारीखों को और जिन स्थानों पर परीक्षा ली जाएगी उसका निश्चय आयोग करेगा।

3. प्रत्येक उम्मीदवार या तो:—

(क) भारत का नागरिक हो ; या

(ख) सिक्किम की प्रजा हो ; या

(ग) नेपाल की प्रजा हो ; या

(घ) भूटान की प्रजा हो ; या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से, 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो ; या

(च) मूलत : भारत का निवासी हो और भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, (जो पहले सिलोन के नाम से जाना जाता था) और पूर्व अफ्रीकियाई देशों, केन्या, युगेन्डा और तन्जानियां के संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) और (च) कोटियों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए ।

उस उम्मीदवार को भी परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है जिसके लिए पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो और उसे सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र दिए जाने की शर्त के साथ अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है ।

4. ऐसा कोई पुरुष/ऐसी कोई महिला सेवा पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी:—

(क) जिसने किसी ऐसी महिला/किसी ऐसे पुरुष से विवाह किया हो अथवा विवाह करने का निश्चय किया हो जिसका पति/जिसकी पत्नी जीवित है ; अथवा

(ख) जिसने अपनी पत्नी/अपने पति के जीवित होते हुए किसी अन्य महिला/पुरुष से विवाह किया हो अथवा करने का निश्चय किया हो ;

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाता है कि इस प्रकार का विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष को प्रयोज्य स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य कारण हैं, तो वह इस नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकेगी ।

5. (क) इस परीक्षा के लिए उम्मीदवार को 21 वर्ष का हो जाना चाहिए और 1 जनवरी, 1973 को उसे 30 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए अर्थात वह 2 जनवरी, 1943 से पहले और 1 जनवरी 1952 के बाद पैदा न हुआ हो ।

(ख) 30 वर्ष की अधिकतम आयु-सीमा, 34 वर्ष की आयु तक उन उम्मीदवारों के मामलों में शिथिल की जा सकेगी जो भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण में अस्थायी रूप से स्थायी पदों को धारण किए हुए हैं अथवा उस विभाग में 1 जनवरी, 1973 को कम से कम 3 वर्ष तक अस्थायी सेवा में निरन्तर रूप से हैं ।

(ग) ऊपर निर्धारित उच्चतम आयु-सीमा में नीचे लिखी छूट दी जा सकती है :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है तो अधिक से अधिक पांच वर्ष की छूट ।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले उसने भारत में प्रव्रजन किया है तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट ।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और वह भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है जिसने 1 जनवरी 1964 को या उसके बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले भारत में प्रव्रजन किया है तो उसे अधिक से अधिक आठ वर्ष की छूट ।

(iv) यदि उम्मीदवार पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र का हो और किसी स्तर पर फ्रांसीसी भाषा के माध्यम से शिक्षा पाता रहा है तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट ।

(v) यदि उम्मीदवार श्रीलंका (जो पहले सिलोन के नाम से जाना जाता था) से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक मूल निवासी है और उसने अक्तूबर, 1964 के भारत लंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया है तो अधिक से अधिक 3 वर्ष की छूट ।

(vi) यदि उम्मीदवार श्रीलंका (जो पहले सिलोन के नाम से जाना जाता था) से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक मूल निवासी है और उसने अक्तूबर, 1964 के भारत लंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया है और वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का भी हो तो उसे अधिक से अधिक आठ वर्ष की छूट ।

(vii) यदि उम्मीदवार भारत का मूल निवासी है और उसने केन्या, युगान्डा और तन्जानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जन्जीबार) से प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट ।

(viii) यदि उम्मीदवार बर्मा से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक मूल निवासी है और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट ।

(ix) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या या अनुसूचित जनजाति का है और वह बर्मा से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक निवासी भी है और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया है तो अधिक से अधिक 8 वर्ष की छूट ।

(x) रक्षासेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणाम स्वरूप निर्मुक्त हुए तथा

(xi) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रहस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणाम स्वरूप निर्मुक्त हुए और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदि जातियों के हैं ।

(घ) गोवा, दमन और दीव के स्वतंत्रता सेनानियों को, जिन्होंने 1 जनवरी 1972 को 35 वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो, जो गोवा, दमन और दीव के पुर्तगाली सरकार के कर्मचारी नहीं थे और जिन्होंने मुक्ति संग्राम में भाग लिया था और उसके परिणाम स्वरूप जिन्हें भूतपूर्व पुर्तगाली प्रशासन के अधीन कम से कम छह मास की अवधि का कारावास हुआ हो अथवा उस अवधि के लिए रोक दिया गया हो, परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी ।

टिप्पणी—उपर्युक्त नियम 5(घ) के अधीन आयु रियायत के दावेदार अभ्यर्थी, उपर्युक्त नियम 5(ग) के अधीन अनुज्ञात आयु रियायत के हकदार नहीं होंगे ।

उपर बताई गई स्थितियों को छोड़कर और किसी भी स्थिति में ऊपर निर्धारित आयु-सीमाओं में छूट नहीं दी जा सकती ।

ध्यान दीजिए, (i) यदि कोई व्यक्ति ऊपर दिए गए नियम 5(ख) में वर्णित आयु की रियायत के अधीन परीक्षा में बैठने की अनुमति पाता है तो उसकी उम्मीदवारी उस स्थिति में रद्द की जा सकती है वह आवेदन-पत्र देने के बाद सेवा से त्यागपत्र दे देता है या परीक्षा देने के बाद अथवा उससे पहले उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं । लेकिन यदि अपना आवेदन-पत्र देने के बाद उसके पद से उसकी छटनी कर दी जाती है तब उस स्थिति में उसकी उम्मीदवारी रद्द नहीं की जाएगी ।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार अपने विभाग को आवेदन-पत्र देने के बाद किसी और विभाग या कार्यालय में स्थानान्तरित हो जाता है तो वह विभागीय आयु छूट के अधीन इस पद/इन पदों के लिए प्रतियोगी हो सकता है जिनके लिए वह स्थानान्तरण न होने पर प्रतियोगी हो सकता था बशर्ते कि उसका आवेदन-पत्र उसके मूल विभाग द्वारा विधिवत सिफारिश करके भेज दिया गया हो ।

6. कोई भी उम्मीदवार जो :—

(i) भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से सद्भाविक विस्थापित व्यक्ति जो नियम 5(ग) के खण्ड (ii) अथवा (iii) के अधीन 1, जनवरी 1964 को अथवा तत्पश्चात् लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले भारत में प्रवासित हुआ हो; अथवा

(ii) श्रीलंका (जो पहले सिलोन के नाम से जाना जाता था) से मूल भारत का सद्भाविक संप्रस्थावर्तित जो नियम 5(ग) के खण्ड (v) अथवा (vi) के अधीन 1 नवम्बर 1964 को अथवा तत्पश्चात् भारत में प्रवासित हुआ हो; अथवा

(iii) बर्मा से मूल भारत का सद्भाविक संप्रस्थावर्तित जो नियम 5(ग) के खण्ड (viii) अथवा (ix) के अधीन 1 जून, 1963 को अथवा तत्पश्चात् भारत में प्रवासित हुआ हो; अथवा

(iv) निर्योग्य प्रतिरक्षा सेवाओं के कार्मिक जो नियम 5(ग) के खण्ड (x) अथवा (xi) के अधीन किसी परराष्ट्र के साथ संघर्ष के दौरान की संक्रियाओं में निर्योग्य हुए हों; अथवा विक्षुब्ध क्षेत्र में निर्योग्य हुए हों

के रूप में आयु में रियायत का दावा करता हो, यदि इस प्रकार की आयु में रियायत नहीं मिली होती तो ग्राय अवसरों की अधिकतम संख्या से अधिक संख्या में परीक्षा में प्रतियोगी के रूप में नहीं बैठ सकेगा ।

उक्त निर्बंधन जनवरी, 1964 में ली गई परीक्षा से प्रभावी है ।

नोट I—इस नियम के प्रयोजन के लिए कोई उम्मीदवार परीक्षा के अन्तर्गत आने वाले दोनों पदों के लिए एक बार परीक्षा में प्रतियोगी के रूप में माना जाएगा । यदि वह पदों में से किसी भी पद के लिए प्रतियोगी है ;

नोट II—कोई उम्मीदवार परीक्षा में प्रतियोगी माना जाएगा यदि वह वास्तव में किसी एक अथवा अधिक विषयों में परीक्षा देता है ।

7. जो उम्मीदवार पहले से ही अस्थायी या स्थायी रूप से अथवा सामयिक या दैनिक दर पर कार्य कर रहे कर्मचारी को छोड़कर वर्क चार्ज कर्मचारी के रूप में सरकारी नौकरी में हो उसे परीक्षा में बैठने के लिए विभागाध्यक्ष से पहले ही अनुमति ले लेनी चाहिए ।

8. उम्मीदवार के पास :—

(क) भारत केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा नियमित विश्वविद्यालय से या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किसी अन्य शैक्षिक संस्था से या विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के समान घोषित किसी संस्था से भूविज्ञान या अनुप्रयुक्त भू विज्ञान में एम० एस० सी० की डिग्री होनी चाहिए ; या

(ख) इन्डियन स्कूल आफ माइंस, धनबाद के अनुप्रयुक्त भू विज्ञान की एसोसिएटशिप का डिप्लोमा होना चाहिए ।

नोट 1—केवल आपवादिक मामलों में ही आयोग इस नियम में निर्धारित किसी योग्यता के न होते हुए भी किसी उम्मीदवार को शैक्षणिक रूप से योग्य मान सकता है बशर्ते कि उसने अन्य संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली परीक्षाएं उत्तीर्ण की हों जिसका स्तर आयोग की राय में इस परीक्षा में बैठने देने के लिए समुचित हो ।

नोट 2—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठा हो जिसे पास कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है पर अभी उसे उस परीक्षा परिणाम की सूचना प्राप्त नहीं हुई है तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है । यदि कोई उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक-परीक्षा में बैठना चाहता हो तो वह भी आवेदन पत्र भेज सकता है बशर्ते कि अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरु होने के पहले ही समाप्त हो जाए । इस प्रकार के उम्मीदवार को यदि वह अन्य शर्तें पूरी करता हो तो परीक्षा में बैठने तो दिया जाएगा किन्तु वह प्रवेश अनन्तिम ही समझा जाएगा और यदि उम्मीदवार अर्हक-परीक्षा में पास होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के प्रारम्भ होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के भीतर प्रस्तुत नहीं करता तो उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा ।

नोट 3—जिन उम्मीदवारों ने अपनी डिग्री किसी विदेशी विश्वविद्यालय से ली हो, और जो अन्य शर्तें पूरी करते हों, वे भी आयोग को आवेदन पत्र भेज सकते हैं और आयोग अपने विवेक से उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकता है ।

9. उम्मीदवार को शारीरिक और मानसिक दृष्टि से स्वास्थ्य होना चाहिए और उसमें ऐसा कोई शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह अपने पद के कर्तव्यों को कुशलता पूर्वक न निभा सके । यदि 'यथा स्थिति' सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक-परीक्षा के बाद उम्मीदवार के बारे में यह पता लगे कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । जिन उम्मीदवारों की नियुक्ति की संभावना है केवल उन्हीं की शारीरिक परीक्षा की जाएगी । स्वास्थ्य परीक्षा के समय उम्मीदवार को सम्बन्धित चिकित्सा बोर्ड को 16 रु० फीस देनी होगी ।

नोट :—बाद में निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन से स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवाएं । राजपत्रित पदों पर नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों की जिस प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षा होगी और उसके लिए स्वास्थ्य का जिस स्तर का होना आवश्यक है उसका ब्यौरा परिशिष्ट II में दिया गया है । भूतपूर्व आशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों को, पदों की आवश्यकता के अनुरूप स्तर को ध्यान में में रखते हुए, स्तर में छूट दी जाएगी ।

10. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

11. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण पत्र नहीं होगा ।

12. उम्मीदवारों को आयोग की सूचना के अनुबंध I में निर्धारित फीस देनी चाहिए ।

13. यदि कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए आयोग्य करार दे दिया जाएगा ।

14. जो उम्मीदवार इस बात का दोषी है या जिस उम्मीदवार के बारे में आयोग ने यह घोषित कर दिया है कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली दस्तावेज पेश किए हैं या ऐसे दस्तावेज पेश किए हैं जिनमें कोई छेड़ की है या कोई ऐसी बात लिखी है जो गलत है या झूठी है या कोई महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई है या अन्यथा परीक्षा में प्रवेश के लिए अनियमित अथवा अनुपयुक्त तरीके से काम लिया है या परीक्षा भवन के अनुचित तरीके से काम लिया है अथवा काम लेने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है तो उसका आपराधिक अध्यारोपण (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) किया जा सकता है और

(क) उसे हमेशा के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए:—

(I) आयोग उम्मीदवारों के चुनाव के लिए ली जाने वाली किसी परीक्षा या इन्टरव्यू में शामिल होने से रोक सकता है, और

(II) केन्द्रीय सरकार, सरकारी नौकरी करने से रोक सकती है ।

(ख) यदि व पहले से ही सरकारी नौकरी में हो तो उस पर समुचित नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है ।

15. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित रिक्तियों आरक्षित की जाएंगी ।

अनसूचित जातियों/आदिम जातियों से अभिप्राय निम्नांकित में उल्लिखित जातियों आदिम जातियों में से किसी एक से है । संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 संविधान (अनुसूचित जाति) (भाग "ग" के राज्य) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) आदेश, 1950 और संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (भाग "ग" के राज्य) आदेश 1951, जैसा कि बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम,

1966 के साथ पठित अनुसूचित जातियों व अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियां (संशोधन), आदेश, 1956 द्वारा यथा संशोधित संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959 संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश 1968 तथा संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश 1968 और संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970।

16. परीक्षा के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिए गए कुल नम्बरों के आधार पर उनके योग्यता के क्रम से उनके नामों की सूची बनाएगा और इस परीक्षा का परिणाम निकलने पर जितनी आरक्षित न की गई रिक्तियों पर भर्ती करने का फैसला किया गया हो उतने ही ऐसे उम्मीदवारों की योग्यता क्रम के अनुसार नियुक्ति के लिए सिफारिश की जाएगी जो आयोग के निर्णय के अनुसार परीक्षा में योग्य माने गए हों।

परन्तु अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों को, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या की सीमा तक साधारण मानक के आधार पर नहीं भरा जा सकता है, आरक्षित यथांश में कमी की पूर्ति के लिए शिथिल किए गए मानक द्वारा आयोग द्वारा आस्तिावित किया जा सकेगा, परन्तु यह परीक्षा में उनके गुणानुक्रम के रैंक को छोड़कर सेवाओं में उन अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए योग्यता के अध्यधीन होगा।

17. हरेक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए इसका निर्णय आयोग अपने विवेक से करेगा और आयोग परिणाम के संबंध में उनके साथ कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

18. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि सरकार जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार हर प्रकार से पद पर नियुक्ति किए जाने के योग्य है।

19. इस परीक्षा के द्वारा जिन पदों पर नियुक्ति की जाएगी उससे संबंधित सेवा की शर्तें संक्षेप में परिशिष्ट III में दी गई हैं।

वीरेन्द्र गोपाल निगम,
उप सचिव

परिशिष्ट I

1. परीक्षा के विषय और प्रत्येक विषय के लिए दिया गया समय और निर्धारित पूर्णांक नीचे लिखे अनुसार होंगे :—

विषय	दिया गया समय	पूर्णांक
1	2	3
क अनिवार्य		
(1) अंग्रेजी (निबन्ध और सारलेखन सहित)	3 घंटे	100
(2) सामान्य ज्ञान और सामयिक घटनाएं।	2 घंटे	100
(3) विज्ञान-I खनिज विज्ञान, शैल विज्ञान, आर्थिक भू-विज्ञान, संरचना- भू-विज्ञान।	3 घंटे	100
(4) भूविज्ञान-II सामान्य भूविज्ञान, जीवाश्म विज्ञान, स्तरित शैल-विज्ञान, अवसाद विज्ञान।	3 घंटे	150
ख. ऐच्छिक		
प्रश्न पत्र I—निम्नलिखित में से कोई एक	3 घंटे	200
(1) भारतीय स्तरित शैल विज्ञान।		
(2) शैलविज्ञान, आग्नेय, अवसादी और कार्यान्तरित।		
प्रश्न पत्र II—निम्नलिखित में से कोई एक	3 घंटे	200
(1) अयस्क उत्पत्ति और धात्विक एवं आधात्विक खनिज।		
(2) इंजीनियरी भू-विज्ञान और भौम जल भू-विज्ञान।		
(3) प्रारम्भिक खनन विधियां और धातुओं एवं खनिजों की प्राप्ति।		

1	2	3
ग. अतिरिक्त ऐच्छिक विषय (केवल श्रेणी-I के पदों के लिए) निम्नलिखित में से कोई दो ।	प्रत्येक 3 घंटे का	प्रत्येक के 200
(1) खनन भूविज्ञान, अयस्क सज्जीकरण, खनिज शास्त्र ।		
(2) कोयला और तेल भू-विज्ञान ।		
(3) अन्वेषण भूभौतिकी ।		
(4) भूरसायन, प्रकाश-भू विज्ञान, नाभकीय भू-विज्ञान ।		
(5) विवर्तनिकी ।		
(6) उच्चतर स्तरित शैल-विज्ञान ।		
(7) उच्चतर शैल विज्ञान ।		

2. सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में लिखने चाहिएं ।

3. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिए किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. परीक्षा का पाठ्य-विवरण और स्तर वही होगा जो संलग्न अनुसूची में विहित है ।

5. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक नम्बर निर्धारित कर सकता है ।

6. अनावश्यक ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे ।

7. अस्पष्ट लिखावट के कारण लिखित विषयों के अधिकतम नम्बरों के 5 प्रतिशत तक काट लिए जाएंगे ।

8. परीक्षा के सभी विषयों में क्रमिक, प्रभावी और ठीक ठीक भाषा के प्रयोग के साथ-साथ संक्षेप में दिए गए उत्तरों को श्रेय दिया जाएगा ।

परिशिष्ट I की अनुसूची

स्तर और पाठ्य विवरण

अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान और सामयिक मामलों के प्रश्न-पत्रों का स्तर वही होगा जितना कि किसी विज्ञान के स्नातक से उम्मीद की जाती है । भूविज्ञान के विषयों के प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग भारतीय विश्वविद्यालय की एम० एस० सी० की डिग्री के स्तर के बराबर होगा और आमतौर पर प्रश्न इस प्रकार के होंगे कि उनसे प्रत्येक विषय के मूल तत्व समझने में उम्मीदवार की योग्यता की परीक्षा की जा सके ।

अतिरिक्त ऐच्छिक प्रश्न-पत्रों के स्तर के लिए उतने ही विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता होगी जितना कि भू-विज्ञान की समस्याओं के लिए आवश्यक होता है ।

किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी ।

1. अंग्रेजी (निबन्ध और सार लेखन सहित)

अंग्रेजी लिखने और समझने की शक्ति की जांच करने के लिए प्रश्न सामान्यतः संक्षेप या सार लेखन के लिए लेखांश दिये जाएंगे ।

2. सामान्य ज्ञान और वर्तमान घटनाओं सहित सामान्य ज्ञान वर्तमान घटनाओं और प्रतिदिन के निरीक्षण तथा अनुभव की ऐसी बातों के वैज्ञानिक पक्ष का ज्ञान जिसकी आशा किसी भी ऐसी शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है जिसने विज्ञान के किसी विषय का विशेष अध्ययन न किया हो । इस प्रश्न-पत्र में भारतीय इतिहास तथा भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर देने में उम्मीदवार बिना विशेष अध्ययन किए ही सक्षम होना चाहिए ।

3. भूविज्ञान I

खण्ड I

खनिज-विज्ञान-खनिजों के क्रिस्टलीय रूपों का क्रमबद्ध अध्ययन; भौतिक, रासायनिक और प्रकाशिक गुणधर्म; उनका रासायनिक संगठन और परिवर्तन उत्पाद । सूक्ष्मदर्शी द्वारा खनिजों के अध्ययन के संदर्भ में प्रकाश-विज्ञान के सामान्य सिद्धांत । खनिजों की उपस्थिति की अवस्थाएं, उद्भव-स्थान ।

खण्ड II

शैल विज्ञान- आग्नेय शिलाएं और विभिन्न रूप । शैल-उत्पत्ति के सिद्धान्त-विभेदन और स्वांगीकरण । अंतर्वेधन और संरचनाओं की क्रियाविधि । आग्नेय शिलाओं की निर्माण अवस्थाओं के प्रसंग में सूक्ष्म-संरचनाएं और गठन, उनका वर्गीकरण और नामतंत्र और विक्काल से संबंध ।

अवसादी शैलें; उनका उद्भव, वर्गीकरण और नामतंत्र; उनके खनिजीय गठनीय तथा संरचनात्मक लक्षण और उनका शैलवर्गीय निर्धचन ।

कायान्तरण; कायान्तरण के कारक और किस्में, कायातंरण को कोटियां और संलक्षणियां; उनके विशिष्ट लक्षण कायान्तरण के योगज और प्रतिस्थापनी रूप । कायान्तरित शैलें और उनका नामतंत्र ।

खण्ड III

आर्थिक भूविज्ञान :—अयस्क उत्पत्ति के प्रक्रम, खनिज निक्षेपों के विभिन्न वर्गीकरण, खनिज क्रमिक सहजनन और संरचनात्मक संबंध । धात्विक अयस्कों, ईंधनों, अधात्विक (या औद्योगिक) खनिजों, दुर्लभ खनिजों, इमारती और अलंकरण पत्थरों और सड़क बनाने की सामग्रियां, और बहुमूल्य एवं अल्पमूल्य पत्थरों के उद्भव, उपस्थिति, वितरण और उपयोगों का अध्ययन ।

खण्ड IV

संरचना-भूविज्ञान-शैलों के भौतिक गुण धर्म; प्रतिबल और विकृति दीर्घ वृत्तज विरूपण और विरूपण की यांत्रिकी; अध्यारोपण क्रम निर्धारित करने के निमित्त, संस्तरों के शीर्षों और पैंदों को पहचानने के लिए रेखण और निकष; समविन्यासी और असम विन्यासी संस्तर, अतिव्यापन, नतिलंब और दृश्यांश, संस्तरनमन और घाटियों के ढाल के संदर्भ में दृश्यांश में परिवर्तन ।

वलनों का वर्गीकरण और वर्णन, क्षेत्र में वलन की पहचान, वलन के कारण और यान्त्रिकी ।

भ्रंशों का वर्गीकरण, और वर्णन, दृश्यांशों पर भ्रंशों का प्रभाव, भ्रंश पहचानने के निकष, भ्रंशों के कारण और यान्त्रिकी ।

विषय विन्यास, नवांतःशायी, पुरान्तःशायी, नापें, गवाक्ष और उनके पहिचान के निकष, संधियां, उनके प्ररूप और महत्व सार्थकता ।

नोट :—उम्मीदवारों उपरोक्त प्रत्येक खण्ड से प्रश्नों की एक निर्धारित संख्या का उत्तर देने के लिए कहा जा सकता है ।

4—भूविज्ञान II

खण्ड I

सामान्य भूविज्ञान—भूविज्ञान और उसकी विभिन्न शाखाओं का इतिहास और विकास, भूविज्ञान के उद्देश्य, विधियां और अनुप्रयोग। पृथ्वी, पृथ्वी का उद्भव, विकास, भूगर्भ और उसकी आयु के सिद्धान्त ।

रेडियोक्टिवता और भूविज्ञान, आग्नेय क्रिया और इसकी अभिव्यक्ति ।

वायुमंडल, जलमंडल, स्थल मंडल और उनके संघटक ।

भूवैज्ञानिक कारक—अधोजनित-आग्नेय क्रिया, ज्वालामुखी, उनका रूप और संरचना, उनकी कार्रवाई, कारण, परिणाम, और उत्पाद तथा विश्व की ज्वालामुखी मेखलाएं । भूकम्प—प्रकृति, उद्भव और प्रभाव, ज्वालामुखियों और विश्व भूकम्प मेखलाओं से संबंध । भूकम्प विज्ञान-सिद्धन्ति, यंत्र और अभिलेख ।

अधिजनित—ऊष्मा और शीत, जल, वायु, हिम और जैव-कारक, अपरदन, प्रत्येक कारक के प्रसंग में परिवहन और निक्षेपण ।

पर्वत उनका उद्भव और संरचना भू-अभिनति, समस्थिति, हिमनद, नदियां और झीलें, महाद्वीपीय विस्थापीय विस्थापन, महाद्वीपों और महासागरी बेसिन का विकास ।

खण्ड II

जीवाश्म-विज्ञान—जीवाश्म, उनकी प्रकृति, परिरक्षण विधियाँ तथा उपयोग । काल के अनुसार मुख्य वर्गों का विभाजन । भूत-काल की जलवायु और भूगोल के प्रसंग में प्राणी-समूह और वनस्पति समूह । विकास समस्याओं के संदर्भ में जीवाश्म के अध्ययन का महत्व । अकशेरकी, शेरकी, और पौधा जीवाश्म के महत्वपूर्ण वंशों का अध्ययन ।

खण्ड III

स्तरित शैल—विज्ञान-सिद्धान्त और वर्गीकरण और भूवैज्ञानिक शैल समूहों का सहसंबंध मानक यूरोपीय भूवैज्ञानिक शैलसमूह-उनके अश्म वैज्ञानिक और जीवाश्मीय लक्षण, भारतीय स्तरित शैल-विज्ञान का इसी प्रकार किन्तु अधिक ब्यौरेवार अध्ययन । विभिन्न युगों और शैल समूहों में भू-आकृति तथा जलवायु संबंधी अवस्थाएं । भारतीय शैल समूहों के विदेशी तुल्यांकों का सामान्य ज्ञान ।

खण्ड IV

अवसाद-विज्ञान—अवसादों का उद्भव, निक्षेपों के लक्षण, पार्थिव, नदीय, समुद्री, सरोवरी, हिमनदीय, जैव आदि । अवसादन पर वातावरण का प्रभाव : विभिन्न प्रकार के अवसादी वातावरण और उनके विशिष्ट लक्षण । पुरा धाराएं और उनका महत्व । फ्लिश और मोलेसेज । अवसादन और अनाच्छादन, चक्र ।

टिप्पणी —उम्मीदवारों से उपरोक्त प्रत्येक खण्ड से प्रश्नों की निर्धारित संख्या का उत्तर देने के लिए कहा जा सकता है ।

(5) भारतीय स्तरित शैल-विज्ञान : स्तरित शैल-विज्ञान के सिद्धान्त, अश्म-विज्ञान, जीवाश्म अंश, अध्यारोपण-क्रम; भू-वैज्ञानिक समय, मापक्रम, मानक यूरोपीय भू-वैज्ञानिक शैल-समूह ।

भारतीय उपमहाद्वीपीय के मुख्य भाग, उनकी भू-आकृतिक स्तरण और संरचनात्मक विशिष्टताएं । जलवायु । प्रायद्वीपीय और बाह्य प्रायद्वीपीय पर्वत श्रेणियां, नदियां और झीलें, हिमनद ।

भारतीय उपमहाद्वीप की संरचना और विवर्तनिकी, प्रायद्वीप-धारवाड़ (अरावली), पूर्वीघाट, सतपुड़ा और महानदी की नति-लंबी उपनति और उनकी सापेक्ष आयु । बाह्य प्रायद्वीप हिमालय आर्क, बर्मा आर्क, बलूचिस्तान आर्क, हिमालय और गंगा के मैदान का उद्भव ।

आद्यमहाकल्पी शैल संघ; प्रायद्वीप के विभिन्न भागों के वितरण और धारवाड़ों तथा विभिन्न प्रायद्वीपीय भागों का सह-संबंध । बाह्य प्रायद्वीपीय आद्यमहाकल्पी शैल संघ, आद्यमहाकल्पी शैल संघ की खनिज सम्पत्ति ।

पुराण—कड़पा समूह और विध समूह, उनका स्तर-विन्यास और उनके आर्थिक खनिज ।

पुराजीवी शैल संघ : कैम्ब्रियन से कार्बनी तक के समूह वितरण, भू-वैज्ञानिक क्रम और प्रत्येक का प्राणी-समूह ।

गोंडवाना शैलसंघ : प्रारम्भिक, नामतंत्र, विस्तार, दोहरा विभाजन । भूवैज्ञानिक क्रम तथा स्तर, विन्यास के ब्यौरे । आग्नेय शैल, अन्य महाद्वीपों में गोंडवाना । गोंडवाना बेसिनों की संरचना । जलवायु और अवसादन परमोकार्बणी वनस्पिति-समूह । पुरा भूगोल । गोंडवाना के आर्थिक खनिज, गोंडवाना के कोयला-क्षेत्र ।

हिमालय तथा उप-हिमालय प्रदेशों में उपरि-कार्बनी तथा पर्मियन समूह तथा उनके प्राणी-समूह । उपरि पुराजीवी विषय विन्यास ।

बाह्य-प्रायद्वीपी प्रदेश के ट्राइऐसिक और जुरेसिक समूह तथा कच्छ के जुरेसिक । प्रत्येक के स्तर-विन्यास और प्राणी समूह संबंधी लक्षण ।

वाह्य : प्रायद्वीपीय प्रदेश तथा नर्मदा घाटी का क्रिटेशस समूह । प्रायद्वीप के त्रिचिनापल्ली और अन्य क्षेत्र । क्रिटेशस की आग्नेय शैलें तथा पृथ्वी की हलचल ।

दक्षिणी ट्रैप : वितरण और विस्तार । सरंचनात्मक लक्षण । डाइक और सिल, शैल विज्ञान, रसायनिक गुणधर्म, ट्रैपों का परिवर्तन और अपक्षय । लेमेटा संस्तर, इंटर-ट्रैपियन और इन्फा ट्रैपियन युग । आर्थिक भू-विज्ञान ।

तृतीय शैल संघ : गोंडवाना भूमि का विभाजन । हिमालय की उठान संलक्षणियां और वितरण । इओसीन, आलिगोसीन और निम्न मायोसीन समूह उनको वितरण, संघटन, स्तर-विन्यास और प्राणी-समूह । शिवालिक समूह वितरण, संघटन, जलवायु संबंधी, अवस्थाएं, जैव अवशेष, प्रभाग, सहसंबंध प्लेसिटोसीन, समूह–प्रभाग हिमनदन, गंगा सिंधु जलोढक । लैटेराइट हाल ही में तटों के पास वाली सतह में हुए परिवर्तन ।

6—आग्नेय, अवसादी और कायांतरित शैल–विज्ञान

स्तर विन्यास का क्षेत्र, शैलों के महत्वपूर्ण संघों का क्रमबद्ध वर्णन ।

आग्नेय शैल—विज्ञान में भौतिक रसायन का अनुप्रयोग । प्रावस्थानियम । सिलिकेट समूहों में संतुलन । द्विघटक और त्रिघटक समूह । क्रिस्टलीकरण और अंतवृद्धियों का क्रम । शैलों की संरचना और गठन और उनका निर्वचन । मैग्मा का क्रिस्टली-करण । आग्नेय शिलाओं के विभिन्न रूप । सजातीय शैल क्षेत्र । मैंग्मा विवर्तनिक । ग्रैनाइटीभवन । शैल-रासायनिक पारेकल । विभिन्नता आरेख । कुछ महत्वपूर्ण शैल किस्मों का उद्गम ।

अवसादी शैल—उनका वर्गीकरण और गुण धर्म, अवसादी विभेदन । अवसादों का उद्भव, अवसादी शैल नमूनों के खनिजों के प्रतिचयन और पृथक्करण सहित अवसादी शैलों के अध्ययनों की विधि । अवसादी खनिज विश्लेषण के परिणामों को दिखाने की विधियां । अवसादियों का यांत्रिक विश्लेशण । उद्भव अध्ययनों पुरा भूगोल, संरचनात्मक निर्वचन तथा उद्योग में अवसादी शैल-वर्णना का उपयोग, अवसादी वातावरण ।

कायांतरित शैलें

कायांतरण का क्षेत्र । कायांतरण के कारक । कायांतरण की किस्में । कायांतरित शैलों की संरचनाएं । कोटियां और संलक्षणियां, संग्रथित, संकर और अंतः शेपण नाइस । मैग्मा और पर्वतन के प्रसंग में कायांतरण ।

7—अयस्क उत्पत्ति और धात्विक तथा अधात्विक खनिज

अयस्क उत्पत्ति—खनिज निक्षेपों के प्रसंग में मैग्मा-औथों-मैग्मेटिक निक्षेप पेग्माइटी निक्षेप–ताप प्रतिस्थापनी निक्षेप–अतितापीय मध्यतापीय और आल्पतापी निक्षेप ।

उत्तर संवृद्धि-उपचयन, उपचयन के क्षेत्र में विलयन और अवक्षेपण उपचित निक्षेप और गोजान–उत्तर सल्फाइड संवृद्धि ।

गौण निक्षेप—वहन और सांद्रण की यांत्रिक प्रक्रमों द्वारा बने निक्षेप (अपरदी निक्षेप) पृष्ठ–जलराशियों में विलयनों की आपसी अभिक्रियाओं से होने वाले सांद्रण की रासायनिक प्रक्रमों द्वारा उत्पन्न निक्षेप । पृष्ठ-जलराशियों के वाष्पन द्वारा बने निक्षेप । शैल क्षय तथा अपक्षय प्रक्रमों के फलस्वरूप बने खनिज निक्षेप । परिसंचारी जल द्वारा आसपास के शैलों में निहित पदार्थों के घुल जाने और फिर उनका सांद्रण होने से बने निक्षेप ।

सामान्य—खनिज निक्षेपों–अयस्कों पिंडों के रूप, संरचना और गठन । खनिज निक्षेपों का वर्गीकरण–खनिज निक्षेपों का संरचनात्मक नियंत्रण–भूवैज्ञानिक थर्मामीटर, धातुजनन (मैट-लोजेनेटिक) युग और प्रान्त ।

धात्विक खनिज—निम्नलिखित का उद्भव, उपस्थिति की अवस्था, भारत में वितरण और उपयोग के संदर्भ में अध्ययन ।

सोना–तांबा–सीसा–जस्ता ऐलुमिनियम मैग्नीशियम, लोहा, मैंगनीज, क्रोमियम, भारत के सामरिक महत्व के खनिज ।

अधात्विक खनिज–औद्योगिक भूविज्ञान, उच्चताप सह-अपघर्मी मृत्तिका शिल्प और कांच बनाने की सामग्री–उर्वरक–प्राकृतिक पेन्ट और वर्णक–सीमेंट–मणि खनिज ।

निम्नलिखित का उद्भव, उपस्थिति की अवस्था, भारत में वितरण और उपयोग के संदर्भ में अध्ययन ।

अभ्रक–कृम्याभ्रक–ऐस्बेस्टास–बैराईटीज–

जिप्सम–गार्नेट–कोरंडम–कायनाइट–

सिलिमैनाइट–गैरिक–ग्रैफाइट–टैल्क–फ्लुओर–

स्पार–बेरिल–जरकन

ईंधन

कोयला—कोयले का उद्भव और वर्गीकरण–भारत में कोयले की उपस्थिति और वितरण–भारत के कोयला–भंडार–भारत में कोयला–संरक्षण ।

पैट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और तैलधर शैल–इनका उद्भव और संचयन–गैस और तेल ट्रैप–तेल और गैस हौजों का वर्गीकरण, भारत के पेट्रोलियम युक्त प्रदेश, नये गैस और तेल क्षेत्रों की खोज ।

परमाणु ऊर्जाखनिज–यूरेनियम और थोरियम खनिज ।

8—इंजीनियरी भूविज्ञान और भौमजल भूविज्ञान

इंजीनियरी भूविज्ञान, इंजीनियरी कार्यों में भूवैज्ञानिक का भाग । शैल के इंजीनियरी गुणधर्म–विशिष्ट गुरुत्व, संरंध्रता, शोषण, संपीडन, सामर्थ्य, तनन-सामर्थ्य–शैलों का लचक मापांक, संपीड़न मापांक, पायशन का अनुपात, अवशिष्ट प्रतिबल आदि ।

प्रकृति में शैल विरूपन, नींव की धारण-क्षमता, सर्पों के प्रति-रोध, जलरुद्धता, अभिपूरण, (ग्राउटिंग) अपेक्षाएं और अपक्षय के प्रसंग में आग्नेय, अवसादी और कायांतरित शैलों का अध्ययन ।

मिट्टियों के इंजीनियरी गुणधर्म, मृदा यान्त्रिकी के तत्व, मृदा-परिच्छेदिका, मृदा-आर्द्रता, मिट्टी के कणों का आकार, रूप और श्रेणीकरण, क्षवा-वर्गीकरण, मिट्टी की संरंध्रता, रिक्तता, अनुपात, संकुप्तिकी मात्रा, पारगम्यता घनत्व और एकांक वजन, द्रव, प्लास्टिक, संकुचयन और संगीत सीमाएं, शोध और प्रसार दाब, तथा अपरूपक सामर्थ्य ।

बांध—और उनका वर्गीकरण, अधिप्लवन भागों के प्रकार तथा उनके भाग; बांधों और उसके उपांगों पर प्रभाव डालने वाली शक्तियां। नीव और अत्याधार की समस्याएं तथा जलाशय क्षेत्रों की समस्याएं, बांध के लिए निर्माण-सामग्री; बांध बनाने के स्थान ढूंढने के तरीके।

नहर—नहरों, नहरी-नालों और नहर की लाईनिंग के बारे में अन्वेषण, नहरों में अवसादन और उसका नियंत्रण।

सुरंगें—वर्गीकरण और नापतंत्र। सुरंगों के लिए स्थान चुनने और सुरंगें बनाने के काम पर प्रभाव डालने वाली भूवैज्ञानिक अपेक्षाएं।

राजमार्ग—राजमार्गों की स्थिति और तत्संबंधी खोज, निर्माण की सामग्री।

पुल—पुलों का वर्गीकरण, अत्याधार और पाए, पुल की नींव आदि उसकी भूवैज्ञानिक अपेक्षाएं।

भवन—सामान्य अपेक्षाएं और भवनों की नींव के तथा उनके भूवैज्ञानिक पहलू। भूकम्प और भूकम्पीय डिजाइन। भूस्खलन और अन्य भूपर्यटी विस्थापन और उन्हें रोकने की संभावना।

भौमजल भूविज्ञान—भौमजल के स्रोत, उपस्थिति और उद्भव। जलवैज्ञानिक-अन्वेषणों में मौसम-विज्ञान का महत्व। जलयुक्त पदार्थों के जल-वैज्ञानिक गुणधर्म। भौमजल-स्तर और उसके उतार चढ़ाव। मुक्त और परिरुद्ध जल।

दाब पृष्ठ, पपेन द्वारा भौमजल-स्तर को कम करना, भौमजल के लिए पूर्वेक्षण की विभिन्न विधियां। जलकूप खोदना, उनका वर्गीकरण और निर्माण, कुओं के रिकार्ड, कुओं का द्रव-विज्ञान।

जलप्राप्ति के लिए कूप परीक्षण, प्रयुक्त विधियां और उपस्कर। प्राकृतिक जल में पाई जाने वाली अपद्रव्यताएं और उनके उपचार। भौमजल का प्रयोग और संरक्षण।

9—खनन की प्रारंभिक विधियां और धातुओं तथा खनिजों की प्राप्ति प्रस्तावना :

आर्थिक खनिज, उनका वितरण, पर्याप्तता और उत्पादन, खनन का संक्षिप्त इतिहास।

पूर्वेक्षण :

सतही और संकेत—भूवैज्ञानिक और भूभौतिकीय विधियां खाइयों, परीक्षण-गर्तों और बेधन-छिद्रों द्वारा पूर्वेक्षण। बेधन-छिद्रों का प्रयोजन। आघाती और घूर्णी छिद्रों की साधारण विधियां। बेधन छिद्र के रिकार्डों का परिकलन।

निक्षेपों का विकास :

भूखों की स्थिति, रूप और आकार, पैठों, ढालों और कूपक तैयार करने तथा खोदने की विधियां, उनके अस्थायी और स्थायी आधार। कूपकों को खुदाई के दौरान संवातन, प्रदीपन, पंपन और सुरक्षा उपाय। खुदाई औजार और उपस्कर, मुख्य ढलाई-सड़कों और विकास शिरों को तैयार करना, उनकी स्थिति, रूप और आकार। तलों, आडें, केटावों विंज और रेजेंज तैयार करना।

शैलें तोड़ने की विधियां, विस्फोटकों का उपयोग, विभिन्न प्रकार के विस्फोटक, उनको संघटन और उपयोग, बारूद, डायनामाइट, गैलोगनाइट फ्यूज, विस्फोट प्रेरक, विस्फोटक। विस्फोटन—छिद्रों की जांच विधि, उनको चार्ज करना, चार्ज तैयार करना। विस्फोटक अभ्यास, सावधानियां और कठिनाइयां।

उत्खनन की विधि, सतही खनन; विकास, फलकों की स्थापना, उत्पादन, परिवहन, वर्षा और भौमजल से सुरक्षा उपाय और बचाव।

कोयला खनन विधियां : उत्खनन की बोर्ड और स्तम्भ पद्धति, डिल्हा पद्धति और लम्बी दीवार वाली पद्धति का प्रारम्भिक अध्ययन।

धातु खनन विधियां—अयस्क निक्षेपों के विकास का प्रारम्भिक अध्ययन निखनन की साधारण विधियां और निखनन-कक्षों में अयस्क की उठाई-धराई। खुदाई की आधार, लकड़ी और इस्पात के आधार। कूपक तल, ढुलाई उतराइयों, मुख्य सड़क-भागों को आधार देने और गैलरियों तथा उत्पादन-फलकों के विकास में उनका अनुप्रयोग।

सामान उठाने-धरने की विधियां-ढुलाई-रज्जु ढुलाई, ढुलाई इंजन। सतही और भूमिगत ढुलाई का अनुप्रयोग, कुंडलन-कुंडली इंजनों, कुंडली उपस्करों और कूपक जुड़नारों का प्रारम्भिक अध्ययन।

10—खनन भूविज्ञान, अयस्क सज्जीकरण और खनिज अर्थशास्त्र

खनन भूविज्ञान-भूविज्ञान का खनन उद्योग से संबंध। खनन भूविज्ञान-बेधन की क्षेत्र तकनीकें/जांच और विकास की संभावनाएं चालू खान में भूवैज्ञानिक कार्य। खनन भूविज्ञान में अपनाई जाने वाली प्रयोगशाला-विधियां। क्षेत्र आंकड़ों का निर्वचन, सह-संबंध और उपयोग। नक्शों, मांडलों, दृष्टांतों को तैयार करना और उनका उपयोग। रिपोर्ट लिखना।

पूर्वेक्षण : विनियम, क्षेत्र-उपस्कर, परिवहन की विधि, क्षेत्र परीक्षण और मापन : अयस्क निक्षेप का पता लगाने के लिए भू-आकृतिक खनिजीकीय, स्तरित शैल-वैज्ञानिक, आश्म-वैज्ञानिक और संरचनात्मक गाइडें। लक्ष्य और संस्थितियां। सतही और भूमिगत सर्वेक्षण की विधियां, जिसमें गर्त, कूपक खाई खोदना, बुलडोजर चलाना, बेधन-छिद्र बेधना, प्रतिचयन आभापन की विधियां शामिल हैं। भूभौतिकीय, भूरासायनिक और भूवनस्पतिक पूर्वेक्षण के आधारभूत सिद्धांत।

खनन की विधियां, जिसमें खुली गर्त, जलोढ़ और भूमिगत विधियां शामिल हैं। खुदाई का आधार। शैल तोड़ने और विस्फोट करने के लिए प्रयुक्त विस्फोटकों के बारे में प्रारम्भिक ज्ञान। परिवहन और आरोहण। खनन अपवाह तंत्र और पंपन। संवातन और प्रदीपन। खान संगठन। प्रबन्ध सुरक्षा कार्य, खान नियम।

खान की जांच, प्रतिचयन के सिद्धांत और विधियां। लवणन और उससे बचाव। प्रतिचयन की अभिक्रिया, प्रतिचयन परिकलन। अयस्क भंडारों का परिकलन। खनन की लागत का निर्धारण, पूंजीगत व्यय और परिशोधन। वर्तमान मूल्य का निर्धारण। भावी लागत और लाभ तथा खान की जीवन-अवधि का आकलन। भविष्य में खनिज निकालने की संभावना का मूल्यांकन। मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना।

अयस्क सज्जीकरण–प्रकृति और क्षेत्र । प्रगलन से संबंध; उपयोगिता । उनके प्रसाधन के संदर्भ में खनिजों के गुणधर्म । सान्द्रण का प्रारम्भिक प्रक्रम, जैसे पेरना, पीसना और निश्चित आकार में बदलना । प्रारम्भिक धुलाई और छंटाई, भारी तरल पृथक्करण, जिग्गिंग, टैबलिंग, उर्णन और प्रकीर्णन, प्लवन और ज्वालाग्रचय स्थिर वैद्युत और ऊष्मा-अभिक्रिया, अपकेंद्रों पृथक्कीकरण अमलगमन, ऊष्मा अभिक्रिया विधियां, निर्जसन, फिल्टरन, जल शोषण और स्थूलन विधियों द्वारा सान्द्रिक पदार्थों की अभिक्रिया, प्रसाधन तंत्र और संयंत्र, समान प्रकार के प्रक्रम चित्र । अयस्क सज्जीकरण तकनीकों पर अयस्क सूक्ष्मदर्शिकी का अनुप्रयोग ।

धात्विक अयस्कों का प्रसाधन–सल्फाइड अयस्क, असल्फाइड अयस्क और प्राकृति धातु–सोना, चांदी, तांबा, सीसा, जस्त मैंगनीज, टिन, टिटेनियम और क्रोमियम ।

अधात्विक अयस्को का सज्जीकरण–ग्रेफाइड बैराइट्स । जिप्सम, स्टिएराइट, चिकनी मिट्टी और कोयला । भारतीय स्थितियों पर विशेष जोर देते हुए कोयले की धुलाई ।

खनिज अर्थशास्त्र–परिभाषा, राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था में खनिजों का महत्व, खनिज संबंधों का पैटर्न, खनिज उपयोग में भौगोलिक और राजनैतिक कारक, खनिज उद्योगों के विशेष लक्षण, खनिज और विनिर्माण उद्योगों के समान कारक । मांग पूर्ति, कारटेल, प्रतिस्थापन, सट्टा बाजार और उत्पादन लागत, खनिजीय अपेक्षाओं में परिवर्तन करना, खनिजों का अन्तर्राष्ट्रीय स्वरुप और संचलन, वाणिज्यिक प्रतिबंध, बैरिफ, कोटा और अधिरोध, उत्पादन, प्रेरणा, कच्ची खनिज सामग्री का विदेशी विकास और शोषण, सामरिक महत्व के क्रांतिक और अनिवार्य खनिज । राष्ट्रीय खनिज–नीति । भारत में खनिजीय रियायत के नियम । भारत में महत्वपूर्ण खनिजों का खनिजीय उत्पादन ।

महत्वपूर्ण खनिजों के कुल विश्व साधन, भंडार और उत्पादन, आधुनिक अर्थव्यवस्था में इस्पात और ईंधन का महत्व, परम्परागत ईंधनों पर परमाणु-ऊर्जा का प्रभाव ।

11. कोयला और तेल भूविज्ञान

कोयला––कोयले की किस्में, कोयले की उपस्थिति की अवस्था और उद्गम-स्थान, कोयले के भौतिक लक्षण और रासायनिक घटक, कोयले के पट्टित घटक, उनके लक्षण और पहचान, कोयले का वर्गीकरण, कोटि और श्रेणी । कोयले की धुलाई और ब्रिकेट तैयार करना । कार्बनीकरण कोयला शैल-वर्णना ।

कोयला-खनन-कोयला-खनन के तरीकों का प्रारम्भिक अध्ययन । कोयला संस्तरों के संरचनात्मक लक्षण । कोयला-संरक्षण । कोयले की उपयोगिता ।

खानों और प्रयोगशालाओं में कोयला प्रतिदर्शन की विधियां । कोयले का अन्तिम और निकटस्थ विश्लेषण । पिंडन सूचकांक का निर्धारण और कैलोरी मान का परिकलन । कोयले का पूर्वेक्षण और कोयला युक्त भूमि का मूल्यांकन ।

भारत के कोयला क्षेत्रों का विशेष रूप से उनके वितरण कोटि निर्यात-आयात, भंडारों और भावी संभावनाओं का ब्यौरे-वार अध्ययन । कोयला युक्त शैल-समूह और संसार के कोयला प्रदेश ।

पेट्रोलियम; तेल और प्राकृतिक गैस का उपस्थित-भूपृष्ठ और अधस्तल, तैलाश्य और पैट्रोलियम कुंड भूवैज्ञानिक, इतिहास, उद्गम स्थान, अभिगमन और संचयन । पैट्रोलियम प्रांत । पेट्रोलियम पूर्वेक्षण भूवैज्ञानिक और विभिन्न भूभौतिकीय विधियां । तेल बेधन के लक्षण तेल प्राप्ति और साथ ही भंडार के प्राक्कलन के तरीके संबंद्ध उत्पादों का उपयोग ।

भारतीय उप महाद्वीप, विशेष रूप से आसाम, के तेल युक्त प्रदेशों का ब्यौरेवार अध्ययन । भारत के अन्य भागों में तेल मिलने की संभावनायें । संसार में तेल और गैस क्षेत्रों का वितरण और तेल तथा गैस के ज्ञात भंडार ।

नोट : उम्मीदवारों को किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या का दो तिहाई तेल भूविज्ञान भाग में से और एक तिहाई कोयला भूविज्ञान भाग में से करने के लिये कहा जा सकता है ।

12. अन्वेषण भू-भौतिकी

अन्वेषक भू-भौतिकी के मूलभूत सिद्धांत ।

गुरुत्व पूर्वेक्षण––गुरुत्व में विभिन्नता उत्पन्न करने वाले कारक अक्षांश प्रभाव । निरपेक्ष गुरुत्व माप-पेंडुलम-सिद्धांत और रिकार्ड करने के तरीके । गुरुत्वमापी-डिजाइन और परिचालन सिद्धांत, गुरुत्वमापी की किस्में, आंशकन, तल-मापन और फोटो ग्रैमैट्रिक भू-मापन, क्षेत्र-कार्य-अनियमित वक्र और वेष्टन, संशोधन और क्षेत्र परिकलन । अटवश मरोड़, तुला-मरोड़ तुला का सिद्धांत । गुरुत्व प्रवणता और समविभव पृष्ठों की वक्रता स्थितियां । गुरूत्व का परिकलन और निर्वचन । गुरुत्व विभिन्नता के स्रोत, ज्यामितीय रुपों के गुरुत्व प्रभाव ग्राफीय और संख्यात्मक परिकलन विधियां, गहराई आकलन । भूवैज्ञानिक संरचना के गुरुत्व विसंगति का संबंध ।

चुम्बकीय पूर्वेक्षण :––चुम्बकीय पूर्वेक्षण का इतिहास, भूचुंबकी प्रेरक का सिद्धांत, नति-सूचि और हांचसिक अति-नति, क्षेत्र-बैरियोमीटर-उनका विवरण, सिद्धांत, अंशाकन, क्षेत्र-कार्य, संशोधन, और क्षेत्र-आंकड़ों चुम्बकीय सर्वेक्षण, क्षेतिज और उर्ध्वाधर चुम्बकत्वमापी द्वारा मापी गई मात्रायें ।

चुम्बकीय विगतियां और निर्वचन-चुम्बकीय विभिन्नता के स्त्रोत, चुम्बकीय निर्वचन, चुम्बकीय और गुरुत्वीय प्रभावों का पारस्परिक संबंध । अनियमित रूपों के लिए उर्द्धाधर चुम्बकीय और वक्रता प्रभावों का पारस्परिक सम्बन्ध बरीड बैल–कैसिंग के चुम्बकीय प्रभाव : चुम्बकीय पूर्वेक्षण का अनुप्रयोग : गहराई आकलन । चुम्बकीय सर्वेक्षणों के दृष्टांत ।

वायुवाहित चुम्बकत्वमापी-साधन विनियोग, परिचालन विधि : वायु-चुम्बकीय आंकड़े । वायु-चुम्बकीय सर्वेक्षण के लाभ और सीमाएं । कुछ प्रतिरूपी सर्वेक्षणों के परिणाम ।

विद्युत-पूर्वेक्षण-विधियों का वर्गीकरण, स्वत: ध्रुवण विधि परिचालन सिद्धांत, क्षेत्र-उपस्कर, माप और निर्वचन, क्षेत्र कार्य के परिणाम ।

सम विभव रेखा विधियां-प्रस्तावना, सर्वेक्षण साका, ए० सी० डी० सी० के सापेक्ष गुण-दोष, बिंदु और रेखीय इलैक्ट्रोड पद्धति: परिणामों का निर्वचन ।

ए० सी० विभव अनुपात विधि-क्षेत्र-संक्रियायें : परिणामों का आलेखन और निर्वचन, चुम्बकीय क्षेत्रों की तुलना के लिए अनुपात-मापी का अनुप्रयोग : संतुलन का द्वि-कुंडली प्रणाली । सैद्धांतिक विचार ।

प्रतिरोधिकता विधियां

परिचालन सिद्धांत, धारा प्रवाह के मूलभूत संजात, बृहत्तर, संस्थाए इलैक्ट्रोड विन्यास, गहराई आकलन : सतह समीप की असमानता : प्रतिरोधकता ; आंकड़ों का विश्लेषण, क्षेत्र-प्रक्रिया और उपस्कर, क्षेत्रीय कार्य के नमूने ।

विद्युत चुम्बकीय विधियां :

भौतिक सिद्धांत, चुम्बकीय क्षेत्रों का मापन; भूमि को ऊर्णित करने के लिए चालकीय उपस्कर; चुम्बकीय मापन उपस्कर । प्रेरणिक मापन, अन्वेषी कुंडली; दिशात्मक गुण धर्म, प्रेरणिक उपस्कर; क्षेत्रीय और ऊर्ध्वाधर परिपथ विधियां-उपकरण-परिचालन, क्षेत्र-प्रक्रिया आलेखन और परिणामों का निर्वचन ।

विद्युत-चुम्बकीय तरंगों का अवशोषण-द्वितीय क्षेत्र की प्रावस्था; दीर्घ वृत्तीय ध्रुवण, दीर्घ वृत्तीय क्षेत्रों का संयोजन; क्षेतिज परिपथ का क्षेत्र, जब अधिक परिमाण के द्वितीय क्षेत्र उपलब्ध हों तो दोहरी कुंडली का उपयोग ।

भूकम्पी पूर्वेक्षण-भूकम्पी पूर्वेक्षण की विधियां

(क) सामान्य विचार (ऊर्जा के स्रोत, ऊर्जा संचरण, अवधियां, विस्फोट क्षण संचरण) ।

(ख) केन शूटिंग विधि ।

(ग) अपवर्तन विधि; एकल और बहुल-क्षेतिज और आनत संस्पर्शों पर यात्रा समय,

(घ) परावर्तन विधि, यंत्र, यात्रा-समय, औसत वेग, परिकलन और निर्वचन, भूकम्पी प्रेक्षणों का समानयन, अपक्षय संशोधन ।

प्रारम्भिक सिद्धांत, भूकम्प-लेखी का विवरण और अंक्षाकन; समय अंकन; रिकार्ड करने के उपस्कर; चुम्बकीय टेप । भूकम्पी पूर्वेक्षण के लिये उपस्कर । भूकम्पी क्षेत्र-संक्रियायें, संसूचक विस्तार; बहुल और पैटर्न शूटिंग विस्फोटक-छिद्र बेधन ; उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के विस्फोटक । विद्युत फायरिंग परिपथ; विस्फोटकों का उपयोग करने में सावधानली, सुरक्षा विनियमावी पृष्ठीय वेग, भूकम्पलेखी रिकार्डों का अंकन, परिणामों का मानचित्रण, परिणामों का निर्वचन भूकम्प-लेखी के मानचित्रण की सीमायें ।

रेडियो एक्टिव पूर्वेक्षण और कूप अभिलेखन विधियां-रेडियो एक्टिव विधियां, रेडियो एक्टिव पूर्वेक्षण की विधियां, सुबाह्यविकिरण-मापी और प्रस्फुटण-मापी रेडियोमितीय-सर्वेक्षण । वायु-वाहित सर्वेक्षण रेडियो एक्टिव । विधियों का अनुप्रयोग ।

विद्युत अभिलेखन ; प्रतिरोधकता और स्वतः स्थितिज मापन, इलेक्ट्रोड विन्यास; विद्युत-निस्पंदन; वैद्युत रासायनिक निर्वचन । साधन विनियोग ।

बेधन-छिद्रों में तापमान मापन, प्रवणता; जल और सीमेंट अभिलेखन ।

रेडियो एक्टिवता कूप अभिलेखन; सिद्धांत; साधन विनियोग; निर्वचन; प्रतिरूपी अनुक्रिया वक्र, क्रेसिंग के प्रभाव । न्यूट्रान अभिलेखन । रेडियो एक्टिवता और विद्युत-अभिलेखों की तुलना । अनुप्रयोग और क्षेत्र उदाहरण ।

13. भूरसायन, फोटो भूविज्ञान और नाभिकीय भूविज्ञान ।

भूरसायन-भूरसायन का क्षेत्र; विश्व की आयु, उद्भव और संघटन; उल्कापिंडों का संयोजन, तत्वों की अंतरित किरणी बाहुलता, तत्वों का उद्भव, पृथ्वी की संरचना और संयोजन, पृथ्वी के प्राथमिक भूरसायनिक विभेदन । तत्वों का भूरसायनिक वर्गीकरण ।

क्रिस्टल संरचना के सिद्धांत, बंधनों की विभिन्न श्रेणियां, आयनिक त्रिज्या, उपसहयोजकता-संख्या, सिलिकेट की संरचना, समआकृतिकता, परमाणु-प्रतिस्थापन और बहुरूपता ।

मैग्मीयता और आग्नेय शैल, मैग्मा का क्रिस्टलीकरण, गोल्डाइमिट्स के छद्मावरण, प्रग्रहण और प्रवेश्यता नियम, मैग्मीय क्रिस्टलीकरण में गौण तत्व, अवशिष्ट द्रौल और मेग्माटाइट, मैग्मा वाष्प-शील घटक, मैग्मीयता और अयस्क निक्षेपण ।

अवसादन का भू-रसायन, गोल्डिच स्थायित्व श्रेणी, अवसादन में भौतिक-रासायनिक कारक, आयनिक विभव, हाईड्रोजन आय सांद्रण अपचयन उपचयन विभव, कोलाइडी प्रक्रम, अवसादन के उत्पादन ।

भू-रासायनिक प्रक्रम के रूप में कायांतरण, खनिज रूपांतरण और संलक्षणी सिद्धांत । अति कायान्तरण ।

भू-रासायनिक चक्र ।

लिथियम, सोडियम, पोटेशियम, रूबीडियम, ताम्र, रजत, स्वर्ण, बैरिलियम, मैग्नीशियम, कैलशियम, स्ट्रोनशियम, बेरियम, जस्ता, कैडमियम, पारा, ऐलूमिनियम, सलेनियम, दुर्लभ मृदा, गैलियम, इंडियन, कार्बन, सिलिकन, जरमेनियम, टिन, सीसा, टाइटोनियम, जिरकोनियम, हैफनियम, थोरियम, नाइट्रोजन, फास्फोरस, आर्सानिक, ऐंटीमनी, बिस्मथ, बेनेडियम, गन्धक, क्रोमियम, मोलिब्डेनम, टंगस्टन, यूरेनियम, फ्लोरीन, मैंगनीज, लौह कोबाल्ट, निकल का भूरसायन ।

भू–रासायनिक पूर्वेक्षण के प्रारम्भिक सिद्धांत ।

प्रकाश भूविज्ञान-प्रकाश पाठ्यांक और निर्वचन । साधन विनियोग और भोजक का संस्तर अध्ययन, भू-आकृति-विज्ञान, स्तरित शैल विज्ञान और संरचना, निर्वचन; भूवैज्ञानिक मानचित्रण के आकाशी फोटो का उपयोग; पेट्रोलियम भूविज्ञान, खनन भूविज्ञान इंजीनियरी भू-विज्ञान और जल-वैज्ञानिक अध्ययन में आकाशी फोटो का निर्वचन ।

नाभिकीय भू-विज्ञान—रेडियो एक्टिवता :—एल्फा बीटा और गामा किरणें, उनके गुणधर्म, क्षय सिद्धान्तों पर गुणात्मक चर्चा, कृत्रिम रेडियोएक्टिवता, नाभिकीय त्वरित्र, नाभिकीय अभिक्रियाएं नाभिकीय ऊर्जा और उसके शान्ति पूर्ण उपयोग ।

यूरेनियम, थोरियम, बेरीलियम खनिजों और लैभ मृदाओं की संरचना उनके संघटन गुणधर्म, उद्भव, उपस्थिति की अवस्था, वितरण, राजनैतिक नियंत्रण, पूर्वेक्षण (गाइगर गणित्र और उसका अनुप्रयोग) परीक्षण, मूल्य और बाजार के संदर्भ में ब्योरेवार अध्ययन।

सुवाहय विकिरणमापी और प्रस्फुरणमापी, रेडियोमितीय सर्वेक्षण, रेडियोएक्टिव विधियों का अनुप्रयोग।

14. विवर्तनिकी

महाद्वीपों और महासागरों का उद्भव, पृथ्वी के इतिहास के प्रत्येक प्रमुख युग के दौरान पुरा भौगोलिक परिस्थितियां, पृथ्वी की हलचल, महादेश रचना और पर्वत रचना और अवसादन पर उनका प्रभाव, एल्पीय पर्वतन और हिमालय पवर्तन और महाद्वीपीय विस्थापन के संबंध में आधुनिकतम दृष्टिकोण। भू-वज्ञानिक चक्र, पृथ्वी की पर्पटी की संरचनात्मक इकाईयां। भारत के संरचनात्मक और विवर्तनिक इतिहास का ब्यौरेवार अध्ययन।

15. उच्चतर स्तरित शैलविज्ञान

स्तरित शैल विज्ञान के सिद्धांत, भू-वज्ञानिक रिकार्ड और उनकी अपूर्णता, समुद्रतल और सुस्थितिक गति। आयु अनुसार शैलों का वर्गीकरण। अश्म विज्ञान। सह संबंध में जीवाश्मों का उपयोग। समस्तरक्रम और समकालीनता। जलवायु संबंधी विभिन्नताएं। जन्तुओं और पौधों का वितरण। महासागरों और महाद्वीपों का स्थायित्व। स्तरीय इकाईयां। पर्वतनिक अनुक्रम।

आदिम महाकल्प—भारतीय प्राक-पुराजीव-धारा वाड़ समूह, पुराना वर्ग लेवोलियन्स। ब्रिटिश द्वीप समूह का मोइनिपन्स डेटरेडियन्स कनाडा के लोरिशियन, ह्यूरोनियन और कीविनावान समूह। अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य में इनके तुल्यांक।

पुराजीवी महाकल्प—महाकल्प के प्रत्येक समूहों जैसे कैम्ब्रियन, आर्डोविशन्नयन, सिल्यूरियन, डेवोनियम, कार्बोनी फेरस और परमियन का सामान्य अनुक्रमण और प्राणि समूह। इसके साथ ही दुनियां में इन सभी समूहों की शैलों का वितरण। डेवोनियम वनस्पति-समूह। पुराने लाल वालुकाश्म–इस कल्प का पार्थिव प्रतिनिधि। डेवानियन विवतनिक; कार्बोनीफेल्स का वनस्पति-समूह। गोंडवाना महाखंड जिसमें भारत, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका और पूर्वी दक्षिण अमरीका सम्मिलित हैं और कार्बोनीफेरस और उसके बाद के कल्प के वनस्पति–समूहों सहित उनके शैल-समूह।

मध्य जीवी महाकल्प–दुनियां में ट्राइएसिक जैरुसिक और क्रिटेशस समूहों का वितरण और प्रत्येक में 'जीवन'

नवजीव वर्ग:—सामान्य लक्षण अनुक्रमण और उसके प्रत्येक समूह–आदि नूतन, अल्प नूतन, मध्य नूतन, अतिनूतन और अत्यन्त नूतन-में प्राणि समूह और वनस्पति–समूह, अत्यन्त नूतन, हिमनदन और उनका सहसंबंध।

अन्तरहिमनदीय निक्षप—पृथ्वी के इतिहास के भू-वज्ञानिक कल्पों में से प्रत्येक में जमीन और समुद्र के वितरण का अध्ययन।

पर्वतन—मुख्य यूरोपीय पर्वतन समूह—कैलेडोनियमन हर्सीनियम, (या वैरिस्केन) तथा अल्पाइन और युगों में उनका विभाजन-उनके अमरीकी और अन्य तुल्यांक।

16. उच्चतर जीवाश्म—विज्ञान

जीवाश्म—विज्ञान————————————परिभाषा, जीव संसार, प्रणि जगत।

प्राणियों का वर्गीकरण और उनके आवास और स्वभाव।

जीवाश्म की परिभाषा। जीवाश्म रिकार्ड का स्वरूप——— जीवाश्म के उपयोग।

अकशेरूकी जीवाश्यम—विज्ञान

प्रोटोजोआ——————————परिचय, श्रेणियां और आर्डर। फोरेमिनीफेरा और रेडियोलेरिया ————————जीव बृद्धि और पुनरुत्पादन की प्रकृति तथा परीक्षणों के प्रकार और उनकी रचना, वर्गीकरण और भूवैज्ञानिक इतिहास।

पारिफेरा———परिचय, प्राणी की प्रकृति—जीवाश्मन, वर्गीकरण और भूवैज्ञानिक इतिहास तथा वितरण।

सीलेन्टरटा—परिचम, वर्गीकरण—हाइड्रोजोआ, स्ट्रोमेटोपोराइडिया, साइफाजाआ और ऐन्धाजोआ और इनकी उपश्रेणियां; शैल निर्माता के रूप में सीलेन्टेरटा और इनका भूवैज्ञानिक इतिहास तथा विकास।

ब्रायोजाआ—सामान्य लक्षण और आकारिकी। भूवैज्ञानिक इतिहास और विकास।

ब्रेकियोपोडा—परिचय जन्तु, व्यक्तिवृत्त, कवच—इसकी सामान्य आकारिकी वाल्वों की वाह्य और आन्तरिक आकारिकी, कवच का संघटन और संरचनाएं, वर्गीकरण, भूवैज्ञानिक इतिहास। जीवाश्म ब्रोकियोपोडा की प्रकृति और स्तरीय उपयोग।

मोलस्का—जन्तु कवच, इनका विकास, इसके रूप, सरचना और संघटनों में परिवर्तन; हिन्जेरखा संरचनाएं, दंत विन्यास, वर्गीकरण। लैमेलीब्रैन्कियाजन्तु कवच, वर्गीकरण विकास और भूवैज्ञानिक इतिहास। गैस्टरोतोडा—सामान्य अपेक्षाएं, कोमल अंगों की आकारिकी कवच और वर्गीकरण, जीवाश्म गैसटरोपोडा की प्रकृति। सेफेलोपोडा—नाटिलस, सेफेलोपोड कवच का निर्माण और संरचना; वर्गीकरण नाटि लाइडियां, ऐम्मानाइडिया, सेफेलोपोडा का भूवैज्ञानिक इतिहास। व्यक्तिवृत स्तरीय परिसर, सेफलोपोडा के जीवाश्म—रिकार्ड की प्रकृति, मोलस्का का भूवैज्ञानिक इतिहास।

ओप्रोपोडा—श्रेणियां, ऋस्टेशिया और ऐस्कनाइडिया, ट्राइलोवाइटा; आकारिकी और बहि; कंकाल। एकाइनाइडिया; कोमल अंग, परीक्षण, परिस्थितिकी, जीवाश्म, रिकार्ड, और स्तरीय परिसर। इन्सेक्टा, आथोपोडा का भूवैज्ञानिक इतिहास, विकास और उद्भव।

एकाइनोहर्मा; आकरिकी, कंकाल और वर्गीकरण, सिस्टाइडिया क्राइनाडिया-काकारिकी और कंकार। एकाश्नाइडिया; कोमल अंग, परीक्षण, परिस्थितिकी, स्तरीय परिसर और भूवैज्ञानिक इतिहास। होलोयूराइडिया, एकाइनोडर्मा का जातिवृत।

हेमीकोर्डेटा;

ग्रेप्टोलियाइना—कंकाल की प्रकृति, वर्गीकरण, औपनिवेशिक विकास, भूवैज्ञानिक इतिहास और जैव–बंधुता।

केशेरूकी जीवाश्म-विज्ञान

रीढ़ वाले प्राणी—भूवैज्ञानिक काल में कैशेरूकों का अनुक्रम, वर्गीकरण ।

हनुरहित केशेरूक—आस्ट्राकोडर्म, और उनकी विकास स्थिति । प्लैकोडर्म ।

मीन-अस्थिल मीन, वायुश्वसन मीन, फुफुस मीन, जलस्थलचरों का स्वरूप-लैबिरिथोडान्ट ।

आदिकालिक केशेरूकों का वितरण-अवसाद वाले । सरीसृप, उनका वर्गीकरण । डाइनासौरसा । उड़न, सरीसृप और पक्षी । मध्यजीवी महाकल्प और उस के विभिन्न प्राणी-समूह ।

स्तनधारी—मार्सुपियल, अपरास्तनी, प्राइमेटील का विकास, मांसाहारी स्तनी, अंगूलेट्स, पेरिसोडेक्टाइल, आर्टिओडेक्टिल, हाथी और उनसे मिलते जुलते जन्तु । घोड़े का विकास ; मानव जाति ।

पादपाश्म विज्ञान—प्रारम्भिक सद्धिन्त । भारत के गोंडवाना के विशेष संदर्भ में गत भूवैज्ञानिक कल्पों के वनस्पति समूह का अध्ययन ।

परिशिष्ट 2

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनयम

(ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अभीष्ट शारीरिक स्तर के हैं या नहीं । ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों के लिए भी सामान्य निर्देश हैं तथा जो उम्मीदवार इन विनियमों में निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता उसे स्वास्थ्य परीक्षक स्वस्थ्य घोषित नहीं कर सकेंगे । किन्तु किसी उम्मीदवार को इन विनियमों में निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार स्वस्थ न मानते हुए भी स्वास्थ्य-परीक्षा बोर्ड को इस बात की अनुमति होगी कि वह, (लिखित रूप में स्पष्ट कारण देते हुए, भारत सरकार से यह सिफारिश कर सके कि) उक्त उम्मीदवार को सरकारी सेवा में लिया जा सकता है और इससे सरकार को कोई हानि नहीं होगी ।

2. किन्तु यह बात भली प्रकार समझ लेनी चाहिए कि भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा । रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व नियोग्य सैनिकों के लिए पदों की अपेक्षाओं के अनुरूप स्तर में छूट दी जायगी) ।

1. नियुक्ति के योग्य ठहराये जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उम्मीदवार में कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो ।

2. भारतीय (एंग्लो-इंडियन समेत) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेर के परस्पर सम्बन्ध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर ही यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्ग-दर्शन के रूप में जो भी परस्पर सम्बन्ध के आंकड़े सब से अधिक उपयुक्त समझे, व्यवहार में लाए । यदि वजन, कद और छाती के घेर में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छोती का एक्स-रे लेना चाहिए । ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को योग्य अथवा अयोग्य करेगा ।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि में नापा जाएगा :—

वह अपने जूते उतार देगा और उसे माप-दण्ड (स्टेंडर्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन, सिवाय एड़ियों के पायों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े । वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां पिंडलियां नितम्ब और कंधे माप-दण्ड के साथ लगे होंगे । उसकी ठोड़ी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बटैक्स आफ दी हेड लेवल) हारिजेंटल बार (आड़ी छड़) के नीचे आ जाए । कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों में नापा जाएगा ।

4. उम्मीदवार की छाती नापने का तरीका इस प्रकार है :—

उसे इस भांति सीधा खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों । फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि पीछे की ओर इसका ऊपरी किनारा असफलक (शौल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर-एंगल्स) से लगा रहे और यह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी का आड़े समतल (हारिजेंटल प्लेन) में रहे । फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं जिससे कि फीता न हिले । अब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिक से अधिक फैलाव गौर से नोट किया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा, 84—89, 86—93.5 आदि । नाप को रिकार्ड करते समय आधे सेंटीमीटर के कम के भिन्न फैक्शन को नोट नहीं करना चाहिए ।

नोट—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार नापने चाहिए ।

5. उम्मीदवार का वजन भी लिया जायगा और उसका वजन किलोग्रामों में रिकार्ड किया जाएगा, आधे किलोग्राम से कम के फ्रैक्शन को नोट नहीं करना चाहिए ।

6. उम्मीदवार को नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जायगी । प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जायगा :—

(i) सामान्य (जनरल)—किसी रोग या विलक्षणता (एबर्नामलिटी) का पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आंखों की सामान्य परीक्षा की जाएगी । यदि उम्मीदवार को ऐसा भैंगापन या आंखों, पलकों अथवा साथ लगी संरचनाओं (कंटिगूअस स्ट्रेकचर्स) का विकास होगा जिससे भविष्य में किसी भी समय सेवा के लिए उसके अयोग्य होने की सम्भावना हो तो उम्मीदवार को अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

(ii) दृष्टि की पकड़ (विजुअल एक्विटी)—दृष्टि की तीव्रता का निवारण करने के लिए दो जांचें की जाएंगी, एक दूर की नजर के लिए और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आंख की अलग से परीक्षा की जाएगी।

चश्में के बिना नजर (नेकेड आई विजंस) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक केस में मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इन्फार-मेशन) मिल जाएगी।

चश्में के साथ और चश्में के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा :—

दूर की नजर		नजदीक की नजर	
अच्छी आंख	खराब आंख	अच्छी आंख	खराब आंख
6/9 या 6/6	6/9 6/12	0.6	0.8

नोट :—(1)—निकट दृष्टि की कुल मात्रा (सिलिंडर समेत) —4.00 डी० से अधिक नहीं होगी। दीर्घ दृष्टि की कुल मात्रा (सिलिंडर समेत) +4.00 डी० से अधिक नहीं होगी।

नोट :—(2)—फंडस परीक्षा जब कभी सम्भव होगी मेडिकल बोर्ड की इच्छा पर फंडस परीक्षा की जाएगी और परिणाम रिकार्ड किए जाएंगे।

नोट :—(3)—कलर विजन—(i) रंगों के सम्बन्ध में नजर की जांच जरूरी है।

(ii) नीचे दी गई तालिका के अनुसार रंगों का प्रत्यक्ष ज्ञान उच्चतर (हायर) और निम्नतर (लोअर) ग्रेडों में होना चाहिए जो लेटर्न के द्वारा (एपर्चर) के आकार पर निर्भर हो।

ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उच्चतर ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का निम्नतर ग्रेड
1. लेम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	4.9 मीटर	4.9 मीटर
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मि० मीटर	1.3 मि० मीटर
3. दिखाने का समय	5 सैकंड	5 सैकंड

जनता की सुरक्षा सम्बन्धित सेवाओं, उदाहरणार्थ, पाइलट, ड्राइवर, गार्ड आदि के लिए वर्ग-9 दृष्टि का उच्चतर ग्रेड अनिवार्य है परन्तु अन्य सेवाओं के लिए वर्ण-दृष्टि का निम्न ग्रेड पर्याप्त समझा जा सकता है। वर्ण-दृष्टि के यही मानक, ऐसे सभी इंजीनियरी कार्मिकों पर लागू होने चाहिए जिनके बारे में वर्ण अवगम अनिवार्य समझा जाता हो, चाहे उनका सम्बन्ध क्षेत्र ड्यूटी से हो या न हो।

(iii) लाल संकेत, हरे संकेत और सफेद रंग को आसानी से और हिचकिचाहट के बिना पहचान लेना संतोषजनक कलरविजन है। इशिहारा की प्लेटों के इस्तेमाल को जिन्हें एड्रिज ग्रीनकी लेंटर्न जैसी उपयुक्त लैंटर्न और अच्छे रोशनी में दिखाया जाता है, कलर विजन की जांच करने के लिए बिल्कुल विश्वासनीय समझा जाएगा। वैसे तो दोनों जांचों में से किसी भी एक जांच को साधारणतया पर्याप्त समझा जा सकता है। लेकिन सड़क, रेल और हवाई यातायात से सम्बन्धित सेवाओं के लिए लैंटर्न से जांच करना लाजमी है। शक वाले मामलों में जब उम्मीदवार को किसी एक जांच करने पर अयोग्य पाया जाए तो दोनों ही तरीकों से जांच करनी चाहिए।

नोट—(4)—दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन)—सभी सेवाओं के लिए सम्मुख विधि (कन्फ्रंटेशन मैथड) द्वारा पुष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को परमापी (पैरोमीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

नोट :—(5)—रतौंधी (नाइट लाइन्डनेस)—केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच नेमी रूप से जरूरी नहीं है, रतौंधी या अंधेरे में दिखाई न देने की जांच करने के लिए कोई नियत स्टैंडर्ड टैस्ट नहीं है। मेडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिए जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अंधेरे कमरे में ले जाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध, चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि की पकड़ रिकार्ड करना। उम्मीदवारों के अपने कथनों पर कभी विश्वास नहीं करना चाहिए किन्तु उन पर संचित विचार किया जाना चाहिए।

नोट :—(6)—दृष्टि की पकड़ से भिन्न आंखों की अवस्थाएं (आक्यूलर कंडिशन्स) :—

(क) आंख की उस बीमारी को या बढ़ती हुई वर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिफ्रेक्टेव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की पकड़ के कम होने की सम्भावना हो, अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ख) रोहे (ट्रेकोमा)—यदि रोहे जटिल न हों तो वे आम तौर से अयोग्यता का कारण नहीं होंगे।

(ग) भैंगापन (स्किवट) द्विनेत्री (बाइनाकुलर) दृष्टि का होना लाजिमी है। नियत स्टैंडर्ड की दृष्टि की पकड़ होने पर भी भैंगापन को अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(घ) एक आंख वाले व्यक्ति—नियुक्ति के लिए एक आंख वाले व्यक्तियों की सिफारिश नहीं की जाती।

7. रक्त-दाब (ब्लड प्रेशर)—

ब्लड प्रेशर के सम्बन्ध में बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा । नार्मल उच्चतम सिस्टालिक प्रेशर के आकलन की काम चलाऊ विधि नीचे दी जाती है ।

(i) 15 से 25 वर्ष के व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100 जमा आयु होता है ।

(ii) 25 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आकलन का सामान्य नियम यह है कि 110 में आधी आयु जोड़ दी जाए । यह तरीका बिलकुल संतोषजनक दिखाई पड़ता है ।

ध्यान दीजिए—सामान्य नियम के रूप में 140 से ऊपर से सिस्टालिक प्रेशर को और 90 से ऊपर के डाइस्टालिक प्रेशर को संदिग्ध मान लेना चाहिए, और उम्मीदवार को योग्य या अयोग्य ठहराने के सम्बन्ध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखें । अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह पता लगना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटमेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला है या इसका कारण कोई कायिक (आर्गेनिक बीमारी) है (ऐसे सभी केसों में हृदय की एक्स-रे और विद्युत हृल्लखी (इलेक्ट्राकार्डियाग्राफिक) परीक्षाएं और और रक्त यूरिया निकास (लोयरेन्स) की जांच भी नेमी रूप से की जानी चाहिए । फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा ।

ब्लड प्रेशर (रक्त-दाव) लेने का तरीका

नियमतः पारेवाले दावमापी (मर्करी मैनोमीटर) किस्म का आला (इंस्ट्रूमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए । किसी किस्म के व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त-दाव नहीं लेना चाहिए । रोगी बैठा या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेष कर उसकी भुजा शिथिल और आराम से हो । कुछ-कुछ हारिजंटल स्थिति में रोगी के पार्श्व पर भुजा को आराम से सहारा दिया जाता है । भुजा पर से कंधे तक कपड़े उतार देने चाहिएं । कफ में पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अन्दर की ओर रख कर और इसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए । इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समान रूप से लपेटना चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर को न निकले ।

कोहनी के मोड़ पर प्रगंड धमनी (ब्रेकिअल आर्टरी) को दबा-दबा कर ढूंढा जाता है और तब इसके ऊपर बीचों बीच स्टेस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे । कफ में लगभग 200 हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है । हल्की क्रमिक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर धरि का कालम टिका होता है वह सिस्टालिक प्रेशर दर्शाता है । जब और हवा निकाली जाएगी तो ध्वनियां तेज सुनाई पड़ेंगी । जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की हवा हुई सी लुप्त प्रायः हो जाए, वह डायस्टालिक प्रेशर है । ब्लड प्रैसर काफी थोड़ी अवधि में ही ले लेना चाहिए क्योंकि कफल के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए क्षोभकर होता है और इससे रीडिंग गलत हो जाता है । यदि दोबारा पड़ताल करनी जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट के बाद ही ऐसा किया जाए । (कभी-कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं दाव गिरने पर वे गायब हो जाती है और निम्नतर स्तर पर पुनः प्रकट हो जाती हैं । इस "साइलेंट गैप" से रीडिंग में गलती हो सकती है) ।

8. परीक्षक की उपस्थिति में किए गए मूत्र की परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए । जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रासायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड उसके दूसरे सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिह्नों और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा । यदि बोर्ड उम्मीदवार को ग्लूकोस मेह (ग्लाइकोसूलिरआ) के सिवाय, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टैंडर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लुकोज मेह अमधुमेही (नान डायबेटिक) हो और बोर्ड केस को मेडिकल के किसी ऐसे निर्दिष्ट विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला की सुविधाएं हों । मेडिकल विशेषज्ञ स्टैंडर्ड ब्लड शुगर टालरेंस टैस्ट समेत जो भी क्लिनिकल या लेबरिटर परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की "फिट" या "अनफिट" की अंतिम राय आधारित होगी । दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा । औषधी के प्रभाव को समाप्त करने के लिए वह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में पूरी देख-रेख में रखा जाए ।

9. यदि जांच के परिणामस्वरूप कोई औरत उम्मीदवार 12 हफ्ते या उससे अधिक समय की गर्भवती पायी जाती है तो उसको अस्थाई रूप से तब तक अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए जब तक कि उसकी प्रसूति न हो जाए । किसी रजिस्टर्ड चिकित्साकर्ता से आरोग्य का स्वस्थ प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर, प्रसूति की तारीख के 6 हफ्ते बाद प्रमाण-पत्र के लिए, उसकी फिर से स्वास्थ्य परीक्षा की जानी चाहिए ।

10. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों का प्रेक्षण करना चाहिए ।

(क) उम्मीदवार के दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ता है या नहीं और कान की बीमारी का कोई चिन्ह है या नहीं । यदि कोई कान की खराबी हो तो इसकी परीक्षा कान-विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए । यदि सुनने की खराबी का इलाज शल्य-क्रिया (आपरेशन) या हियरिंग एड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता बशर्ते कि कान की बीमारी बढ़ने वाली न हो इस

सम्बन्ध में चिकित्सा परीक्षा प्राधिकारी को निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिए :—

(1)	एक कान में चिह्नित अथवा पूर्ण बहरापन, दूसरे कान का प्रसामान्य होना।	यदि बहरापन उच्चतर आवृत्तियों में 30 डेसीबेल तक है तो अतकनीकी कार्यों के लिए योग्य ।
(2)	दोनों कानों में ही अनुरोधक बहरापन जिसमें हियरिंग एड द्वारा कुछ सुधार सम्भव है ।	यदि बहरापन 1000 से 4000 तक की वाणी आवृत्तियों तक है तो तकनीकी और अतकनीकी दोनों ही कार्यों के लिए योग्य ।
(3)	मध्यवर्ती अथवा सीमान्तक प्रकार के कर्णपटही झिल्ली का छेदन ।	(i) एक कान प्रसामान्य दूसरे कान में कर्णपटही झिल्ली का छेदन की उपस्थिति अस्थायी रूप से अयोग्य । कान शल्य चिकित्सा की सुधरी हुई स्थितियों में उम्मीदवार को, सीमान्तक अथवा दोनों कानों में अन्य छेदन होने पर, अस्थायी तौर पर अयोग्य घोषित कर मौका देना चाहिए और उस पर निम्नलिखित 4(ii) के अधीन विचार किया जाना चाहिए ।
		(ii) दोनों कानों में सीमान्तक अथवा मध्यकर्णगुहा के एक भाग में छेदन अयोग्य ।
		(iii) दोनों कानों में मध्यवर्ती छेदन अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(4)	एक और/दोनों ओर स्तनाकार विवर उप प्रसामान्य सुनवाई पड़ने वाले कान ।	(i) कोई भी कान प्रसामान्य रूप से सुनाई पड़ने योग्य दूसरा कान स्तनाकार विवर-तकनीकी और अतकनीकी दोनों कार्यों के लिए योग्य ।
		(ii) दोनों ओर के स्तनाकार विवर-तकनीकी कार्यों के लिए अयोग्य । अतकनीकी कार्यों के लिए योग्य यदि हियरिंग एड से अथवा उसके बिना किसी भी कान में श्रवण शक्ति 30 डेसीबिल तक सुधर जाती है ।
(5)	अविराम बहने वाला कान शल्योपचारित/ अशल्योपचारित	तकनीकी और अतकनीकी दोनों ही कार्यों के लिए अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(6)	नासिका पट के अस्थि विकलांगता के होने पर अथवा उसके बिना नासिका की चिरकालिक सूजन/ अत्यनुवर्तन से उत्पन्न स्थितियां ।	(i) प्रत्येक मामले की परिस्थिति: के अनुसार विनिश्चय लिया जाएगा ।
		(ii) यदि विचलित नासिका पर रोग लक्षण सहित विद्यमान है— अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(7)	टानसिलों और/या कंठ की चिरकालिक सूजन स्थितियां	(i) टानसिलों और/ अथवा कंठ की चिरकालिक सूजन योग्य ।
		(ii) अत्यधिक फटी आवाज की स्थिति में अस्थायी रूप से अयोग्य ।

(8)	नाक-कान और गले के सुदम्य अथवा किसी स्थान में घातक रसौली ।	(i) सुदम्य रसौली—अस्थायी रूप से अयोग्य ।
		(ii) घातक रसौली—अयोग्य ।
